दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 162 जयपुर, बुधवार, 22 मई, 2024 | वैशाख, शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### भर्ती परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की EC की अनुमति



**जयपुर।** निर्वाचन आयोग ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को सभी भर्ती परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की अनुमति दे दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव को पत्र लिखते हुए कर्मचारी चयन बोर्ड में भर्ती परीक्षाओं के तहत दस्तावेज सत्यापन, पात्रता जांच और अंतिम परिणाम जारी करने की अनुमति प्रदान की है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से कराई गई भर्ती परीक्षाओं की प्रक्रिया पर रोक लग गई थी, जिसकी वजह से जूनियर अकाउंटेंट, सीएचओ, सूचना सहायक, संगणक जैसी कई भर्ती परीक्षाओं के 4.16 लाख अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम और नियुक्तियों को लेकर इंतजार बढ़ता जा रहा था। इसे लेकर बेरोजगार युवा संगठन की ओर से राज्य सरकार को कई बार ज्ञापन भी दिए गए, जिस पर अब जाकर सुनवाई हुई है।

### KKR ने SRH को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**अहमदाबाद।** केकेआर ने IPL के पहले क्वालिफायर में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह KKR की चौथी बार फाइनल में पहुंचने की उपलब्धि है। इससे पहले टीम 2021 के सीजन में फाइनल में पहुंची थी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। SRH की टीम 19.3 ओवर में 159 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी:** नौतपा से पहले 3 दिन 20 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट

# सीजन का सबसे गर्म दिन...पिलानी का पारा पहुंचा $47^0$ के पार

बेधड़क | जयपुर

मौसम विभाग की पूर्व में जारी चेतावनी के अनुरूप ही प्रदेश में मंगलवार को गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस सीजन में मंगलवार प्रदेश का सबसे गर्म दिन रहा। उदयपुर में मंगलवार को दिन का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि प्रदेश में सर्वाधिक तापमान पिलानी झुंझुनूं में 47.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

प्रदेश के 16 जिलों में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे और आने वाले 72 घंटों में तापमान में 2 डिग्री और बढ़ोतरी की संभावना जताई है। प्रदेश के अधिकांश हिस्से में हीटवेव व कहीं-कहीं तीव्र हीटवेव चलने की संभावना है। 23-24 मई को जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने और तीव्र हीटवेव होने की संभावना जताई है।



फोटो: राजेश कुमावत

### रात को भी नहीं मिलेगी राहत

मौसम विभाग के अनुसार दिन ही नहीं रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। आगामी 4 से 5 दिन राज्य के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान भी औसत से 2 डिग्री से 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने और कहीं-कहीं उष्ण रात्रि वार्म नाइट रहने की संभावना है।

### 25 से शुरू होगा नौतपा

नौतपा से पहले ही राजस्थान में गर्मी पूरे परवान पर है। इसी बीच मौसम विभाग ने 25 मई से शुरू होने वाले नौतपा से पहले 20 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। आने वाले 3 दिन राजस्थान के अधिकतर जिलों में आसमान से आग बरसेगी। ऐसे में तापमान 48 डिग्री के पार पहुंच सकता है। दिन के साथ-साथ रात में भी हीट वेव चलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दो दिन प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हीटवेव और कहीं-कहीं तीव्र हीटवेव चलने की संभावना है। ऐसे में 72 घंटों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री और बढ़ोतरी की संभावना है। 23 और 24 मई के दौरान जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, कोटा व भरतपुर संभाग में तापमान में बढ़ोतरी होगी। माना जा रहा है कि अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री तक पहुंच सकता है।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की घोषणा**

# हर प्रदेश की राजधानी में बनेगा राजस्थान हाउस

## प्रवासी राजस्थानियों के सुझावों के बाद सीएम ने की घोषणा

- पहले फेज में पड़ोसी राज्यों की राजधानियों में बनेंगे भवन
- अफसरों ने योजना के आकलन पर किया काम शुरू
- जुलाई में आने वाले बजट में हो सकता है इसका प्रावधान



बेधड़क | जयपुर

प्रवासी राजस्थानियों की समस्याओं के समाधान और उनसे लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने नई घोषणा की है। योजना के तहत अब देश के प्रत्येक राज्यों की राजधानी में राजस्थान भवन तैयार किया जाएगा। इसको लेकर सीएम ने हाल ही में घोषणा भी की है। सीएम की घोषणा के बाद अफसर योजना का खाका तैयार करने में जुट गए हैं और योजना के आकलन को लेकर काम भी शुरू कर दिया गया है।

पहले फेज में पड़ोसी राज्यों और प्रवासी राजस्थानियों की ज्यादा संख्या वाले राज्यों की राजधानियों में भवन बनाए जाएंगे। इसी प्रकार प्रवासी राजस्थानियों की समस्याओं के समाधान और उनसे लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए देश के हर राज्य में एक डेडिकेटेड अफसर लगाए जाने की भी योजना है। ये अफसर वहां के प्रवासी राजस्थानियों की समस्याओं के समाधान के लिए उत्तरदायी होंगे।

साथ ही प्रवासियों और राजस्थान सरकार के बीच कोऑर्डिनेशन का काम भी करेगा। बताया जा रहा है कि आम चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद इस पर काम शुरू होगा। जुलाई में आने वाले बजट में इसका प्रावधान हो सकता है। इसे बजट घोषणा में भी जगह दी जाएगी, यह काम कई फेज में पूरा होगा।

### प्रवासी राजस्थानियों ने दिया था सुझाव

सीएम भजनलाल शर्मा को हाल ही में कई राज्यों के दौरों में प्रवासी राजस्थानियों ने सुझाव दिया था कि उनकी समस्याओं के समाधान और सरकार से कोऑर्डिनेशन के लिए सरकार कुछ परमानेंट व्यवस्था करे। राजस्थान भवन बनाने की मांग भी प्रवासियों की तरफ से आई थी। इन सुझावों के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रदेशों की राजधानियों में राजस्थान भवन बनाने की घोषणा की। प्रवासी राजस्थानियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक अलग से अधिकारी भी होगा। ये अधिकारी प्रवासियों की समस्या भी सुनेंगे और राजस्थान सरकार और प्रवासियों के बीच सेतु का काम करेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में आया बड़ा परिवर्तन

बेधड़क | पश्चिमी/दक्षिणी दिल्ली

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत मंगलवार को पश्चिमी दिल्ली सीट पर लोकसभा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के समर्थन में गांव नानाखेड़ी चौक में रोड शो एवं दक्षिणी दिल्ली सीट पर लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में संजय कॉलोनी, भाटी माइंस छत्तरपुर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना की एवं भगवान परशुराम की मूर्ति पर भी पुष्प अर्पित किए। रोड शो एवं जनसभा में मुख्यमंत्री ने प्रत्याशियों को अधिक से अधिक मतों से जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस चुनाव में एक तरफ वह लोग हैं जिन्होंने परिवारवाद, तुष्टीकरण एवं भ्रष्टाचार के जरिए देश को डूबाया। दूसरी तरफ वह लोग हैं जो देश को विकास के जरिए आगे बढ़ा रहे हैं। गरीब कल्याण की योजनाएं चला रहे हैं। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बड़ा परिवर्तन आया है, जिसे आमजन ने देखा एवं महसूस किया है। आज विश्व में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर है और जल्द तीसरे स्थान पर आएगी।

**मुहाना मंडी में खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की बड़ी कार्रवाई**

# 12 हजार लीटर मिलावटी सरसों का तेल सीज

बेधड़क | जयपुर

खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय ने राजधानी की मुहाना मंडी में मिलावट को लेकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान बड़ी मात्रा में मिलावटी सरसों का तेल जब्त किया और सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मुहाना अनाज मंडी में एक तेल ब्रांड के कच्ची घानी सरसों तेल के निवाई से आने की सूचना मिली। टीम ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर सैंपल उठाए और अवमानक खाद्य तेल होने की आशंका पर 12000 लीटर कच्ची घानी सरसों तेल को सीज किया। ओझा ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व इस तेल के सैंपल लिए गए थे, जिसमें यह सब स्टैंडर्ड क्वालिटी के पाए गए थे। ये घटिया क्वालिटी के सैंपल थे। यह तेल बाजार में बिकने पर ग्राहकों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हो सकती थीं। इसलिए तत्काल घटिया होने की आशंका पर इसको सीज किया गया और सैंपल को लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजा गया। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की टीम ने नंदपुरी बाजार, हवा सड़क स्थित एक बेकर्स के यहां भी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पवन गुप्ता और नरेश शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा यह कार्रवाई की गई। उनके निरीक्षण के दौरान बेकरी पर एक्सपायरी डेट की वस्तुएं मिलीं, जिन्हें सीज किया गया।



# जयपुर एयरपोर्ट से 433 हज यात्रियों ने भरी उड़ान

बेधड़क | जयपुर

हज के मुकद्दस सफर के लिए प्रदेश के यात्रियों की पहली फ्लाइट ने मंगलवार को जयपुर के सांगानेर एयरपोर्ट से जेद्दाह के लिए उड़ान भरी। इस फ्लाइट में कुल 433 हज यात्री शामिल थे। इनमें 358 हाजियों की ऑनलाइन और 75 हाजियों ने ऑफलाइन रिपोर्टिंग की थी। हज के इस सफर में जयपुर के 179, सीकर के 68 अजमेर के 115 हाजियों के साथ ही सिर्फ एक साल का हाजी मोहम्मद साद भी रवाना हुआ। इससे पहले सुबह से ही जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर प्रदेशभर से हाजियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जहां एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। इस दौरान सुरक्षा प्रक्रिया के बाद सभी यात्रियों ने विशेष कोड-ई एयरक्राफ्ट से दोपहर डेढ़ बजे उड़ान भरी।



**बिजली-पानी की व्यवस्था पर मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश**

# बिजली-पानी की सप्लाई सुनिश्चित किए बिना मुख्यालय नहीं छोड़ें अफसर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली व पानी की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित करने को लेकर मंगलवार को सीएम भजनलाल शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) और विद्युत वितरण निगम को सख्त निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आमजन को पीक लोड की स्थिति में भी बिजली कटौती और पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने पीएचईडी मंत्री और ऊर्जा मंत्री को पानी-बिजली की बढ़ी हुई मांग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए प्रभावी प्रबंधन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य सचिव को भी गर्मी के मौसम में बिजली की समस्याओं के निराकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सतत निगरानी और विभागों के मध्य समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से ग्रामीण आबादी को विद्युत कटौती और जल की कमी से संबंधित किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए सीएम ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभागों के अधिकारी मुख्यालय पर ही रहें और बिना पूर्व सूचना के मुख्यालय नहीं छोड़ें।




### समस्याओं के समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

जनता को राहत पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रसार भी किया जाए और इन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य स्तर एवं जिलों में स्थापित कंट्रोल रूम सक्रियता से कार्य करें। इसके लिए उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। उल्लेखनीय है कि पीएचईडी ने गर्मी के दौरान पेयजल संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां 0141-2222585 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसी प्रकार, बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याओं की शिकायत विभिन्न डिस्कॉम्स द्वारा संचालित किए जा रहे हेल्पलाइन नंबरों या बिजली मित्र एप पर की जा सकती है।

### भीषण गर्मी को देखते हुए चिकित्सा कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में लू-तापघात के प्रकोप के दृष्टिगत सभी चिकित्सा कार्मिकों के अवकाश निरस्त कर मुख्यालय पर ही रहने के लिए पाबंद किया है। विशेष परिस्थितियों में सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरांत ही कार्मिक अवकाश पर जा सकेंगे। अवकाश स्वीकृति की सूचना निदेशालय को आवश्यक रूप से देनी होगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय ने एक परिपत्र जारी किया है। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि परिपत्र में निर्देश दिए गए हैं कि चिकित्सा सेवाओं से संबंधित कार्यालयों में चौबीस घंटे कंट्रोल रूम क्रियाशील रहेंगे। आपात स्थिति में नागरिक टोल फ्री नंबर 108, 104 एवं हेल्पलाइन नंबर 1070 पर भी संपर्क कर सकते हैं। इन हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जरूरी खबर

### 24 घंटे में जारी हों उपभोक्ताओं के घरेलू कनेक्शन



**जयपुर।** राजस्थान डिस्कॉम की ओर से सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिला मुख्यालयों पर सर्विस लाइन के घरेलू बिजली कनेक्शन 24 घंटे में और अन्य श्रेणियों के लम्बित कनेक्शन भी बिना विलम्ब के प्राथमिकता से जारी किए जाएं। गौरतलब है कि डिस्कॉम द्वारा सर्विस लाईन के घरेलू बिजली कनेक्शन 24 घंटे में जारी करने के लिए फरवरी माह में आदेश जारी किए गए थे, लेकिन कुछ स्थानों से सूचना प्राप्त हुई है कि आदेश की पालना पूर्णरुप से नही की जा रही है।

### शिविर में ऊर्जा से लबरेज जीवन रखने पर होगी चर्चा

**जयपुर।** सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से 28 जून को शुरू होने वाले शिविर में जीवन को ऊर्जा से लबरेज रखने पर चर्चा होगी वहीं विभिन्न आयामों के माध्यम से इसका अभ्यास भी कराया जाएगा। शिविर संयोजक संजय महेश्वरी, अजय मित्तल, कमल सोमानी, नरेंद्र वैद्य ने बताया कि हमारा तथा परिवार का ब्रेन 24 घंटे नेगेटिविटी और शारीरिक और मानसिक समस्याओं से गिरा रहता है। इनको दूर करने के उपायों पर बेसिक प्रयोग शिविर में करवाए जाते हैं। डेमो शिविर में शिक्षाविद् एवं एलन कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर गोविंद मंधाना माहेश्वरी भी शामिल हुए। शिविर के लिए अब तक 14000 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**जयपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी का बलिदान दिवस मंगलवार को प्रदेशभर में मनाया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सभी जिला व ब्लॉक कांग्रेस मुख्यालयों पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा, पुष्पांजलि कार्यक्रम, फल वितरण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इसमें विभिन्न धर्मगुरूओं ने धार्मिक ग्रन्थों का वाचन किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में गिरिराज बालोदिया ने भजन प्रस्तुत किए। कारी अब्दुल रशीद ने कुरान की आयतों को पढ़ा। सरदार मनिन्दर बग्गा ने गुरुवाणी तथा फादर विजय पॉल ने बाईबल का पाठ किया। कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

---

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन ने कहा है कि जल्द मिलेगी विकास की नई सौगात

# जनता की जरूरत के अनुरूप हो रहे हैं विकास कार्य: राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने कहा है कि आमजन की मांग और उनकी आवश्यकता के अनुरूप ही क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सरकार जनभावना को ध्यान में रखते हुए फैसले ले रही है। आगे भी विकास का यह सिलसिला ऐसे ही अनवतर जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली सहित अन्य जरूरत के काम प्रमुखता से करवाए जा रहे है। राठौड़ ने बताया कि जल्द ही झोटवाड़ा को विकास की नई सौगात मिलेगी इसके लिए हर संभव प्रयास जारी हैं। उन्होंने



बताया कि जनवरी 2024 से अब तक 157.58 करोड़ रुपए की लागत से 32 उच्च जलाशयों मय 999 किमी. की वितरण लाइन डालने का विकास कार्य करवाया है। इसके अलावा 190 लाख रुपए की लागत से 19 ट्यूबवेल का निर्माण करवाया। साथ ही 328 लाख रुपए की जोबनेर के लिए अमृत-2.0 योजना स्वीकृत हुई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के आमजन की सुविधा और सहूलियत का पूरा ध्यान रखा जाएगा। आगामी समय में विकास की अनेक योजनाएं क्षेत्र में शुरू होंगी। इन योजनाओं से लोगों का काफी राहत मिलेगी। विभिन्न समस्याओं का निदान होगा।

#### सुलभ आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण

मंत्री राठौड़ ने बताया कि झोटवाड़ा के गांव-गांव, ढाणी-ढाणी, शहर-शहर गुणवत्तापरक सड़कों का निर्माण कर आवागमन सुगम कर रहे हैं। जिससे की आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के तहत सड़क निर्माण के कुल 45 विकास कार्य करवाए। जिसमें 5 विकास कार्य 14.45 करोड़ रुपए की लागत से करीब 18 किमी. की सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया। साथ ही 79.98 करोड़ रुपए की लागत से 40 से अधिक सड़कों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इन सड़कों की लम्बाई 69 किमी है।

#### 10 में से 3 विकास कार्य पूर्ण

कर्नल राज्य वर्धन राठौड़ ने बताया कि जेडीए के तहत डामर व सी.सी. सड़क के 10 विकास कार्य स्वीकृत करवाए गए है, जिसमें 4.33 करोड़ रुपए की लागत से 3 विकास कार्य पूर्ण हुए हैं। सी-जोन बाईपास सिरसी रोड से सांझारिया एसटीपी तक 25 किमी. की सीवर लाइन बिछाने का कार्य प्रगतिरत हैं। झोटवाड़ा में नगर निगम के तहत 48 कार्य स्वीकृत हुए हैं। जिसमें 6.80 करोड़ रुपए की लागत से 23 विकास कार्य पूर्ण हुए हैं। जबकि 11.18 करोड़ रुपए के लागत से 25 विकास कार्य प्रगतिरत हैं। मोदी सरकार में रेल परिवहन सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी और सुधार हो रहा है। जयपुर मेट्रो के अंतर्गत मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से अजमेर रोड 200 फीट बाईपास चौराहे तक 1.35 किमी. का जयपुर मेट्रो विस्तार का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

---

सुरक्षित वापस लाने की अपील, उपद्रवियों के हमलों से सहमे विद्यार्थी

# किर्गिस्तान में फंसे कोटा के छात्र परिजनों ने बिरला से लगाई गुहार

**बेधड़क** | जयपुर


मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान भारतीय छात्रों के साथ हुई हिंसा के बाद से मेडिकल की पढ़ाई कर रहे कोटा के छात्रों के परिजन काफी चिंता में हैं। वह अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे हैं। साथ ही लगातार उनसे वीडियो कॉल कर हौसला दे रहे हैं। इस वक्त 12 से ज्यादा के करीब बच्चे किर्गिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं।

वहीं परिजनों ने बच्चों को वापस सुरक्षित लाए जाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मदद करने का अनुरोध किया है। इसमें परिजनों ने कहा है कि, उनके बच्चों को सुरक्षित देश वापस लाने, फ्लाइट के टिकट के दामों को कम करने और बच्चों के ऑनलाइन एग्जाम करवाने की अपील की गई है। इस मामले में किर्गिस्तान में फंसे कोटा के छावनी इलाके के रहने वाले विशु के पिता देवेश तिवारी, जो निगम वार्ड पार्षद भी है। उन्होंने बताया कि, उनका बेटा विशु, उसका दोस्त यश शर्मा सहित 12 से ज्यादा बच्चे हिंसा में फंसे हुए है। हालात यह है कि वह कमरों में कैद होकर रह गए है। देवेश लगातार बेटे से वीडियो कॉल के जरिए बात कर रहे है। विशु ने पिता देवेश को बताया था कि इस सप्ताह परीक्षा होनी है, इससे पहले ही वे मुसीबत में फंस गए। और अब कमरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इधर, देवेश तिवारी ने कहा भारत सरकार किर्गिस्तान में मौजूद छात्र छात्राओं को सुरक्षा मुहैया करवाकर उन्हें भारत लाए।



#### 500 मीटर दूर एक छात्र का काट दिया था हाथ

वहीं दूसरी तरफ, कोटा के ही बोरखेड़ा के पुष्पेंद्र तंवर भी विशु की तरह किर्गिस्तान के बिश्केक में फंसे हुए हैं। वे एमबीबीएस के अंतिम वर्ष में पढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उसने आगे बताया कि, रविवार को ही 500 मीटर दूर एक छात्र का हाथ काट दिया था, जिसके बाद गेट अंदर से लॉक किया हुआ है। हम राजस्थान के चार दोस्त साथ रहते हैं। वहीं यहां कोटा में पुष्पेंद्र के पिता राजेंद्र गुर्जर और मां भगवानी बाई काफी परेशान हैं। वे सुबह- शाम वीडियो कॉल कर हालचालले रहे है। साथ ही, बड़े भाई संजय तंवर ने भी एंबेसी में पुष्पेंद्र को सुरक्षा दिलाने की मांग की है।



#### अधिकांश छात्र जाना चाहते हैं वापस

दोनों छात्रों ने बताया कि वहां उनके साथ अधिकांश जूनियर स्टूडेंट्स हैं। उनका कोर्स पूरा नहीं हुआ है, लेकिन फिर भी वे सब घर आना चाहते है। आगे कहा वे 2019 में यहां आया था। उसका एमबीबीएस जून में पूरा होना था। इसके बाद डिग्री लेकर ही कोटा आना था कि हिंसा शुरू हो गई। सरकार और कॉलेज से नोटिस मिला की 7 दिन तक कमरे से नहीं निकलना है। 17 मई से एक मिनट के लिए वह बाहर नहीं निकला। स्थानीय लोगों के साथ तो कुछ नहीं कर रहे, लेकिन बाहर के स्टूडेंट्स दिखते ही उन पर टूट पड़ते हैं। गौरतलब है कि किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में स्थानीय उपद्रवी ने वहां पढ़ाई कर रहे पाकिस्तान और भारत के छात्रों पर हमला कर दिया। इसमें पाकिस्तान के छात्रों की मौत हो गई। भारतीय छात्र भी घायल हो गए। हमले के बाद से भारतीय छात्र काफी डरे हुए और दहशत में हैं। छात्र सोशल मीडिया पर भारत से मदद की गुहार लगा रहे हैं। इसके बाद से परिजन भी चिंतित हैं। कोटा के भी आधा दर्जन छात्र बिश्केक में एमबीबीएस कर रहे हैं। परिजनों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से बिश्केक में रह रहे छात्रों की मदद करने का अनुरोध किया।

---

भरतपुर के पूर्व राजपरिवार का विवाद

# 36 बिरादरी की पंचायत ने कहा- विश्वेंद्र सिंह के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

भरतपुर के पूर्व राजपरिवार का पारिवारिक विवाद अब 36 बिरादरी की पंचायत तक पहुंच चुका है। सर्वसमाज के लोगों ने मंगलवार को डीग जिले के कुम्हेर क्षेत्र में चामुंडा माता मंदिर में पंचायत आयोजित की। इसमें पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह के बेटे अनिरुद्ध सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर समाज को लेकर की गई टीका-टिप्पणी को लेकर नाराजगी जताई गई।

कुम्हेर के पेंगौर गांव स्थित चामड़ माता मंदिर में 12 बजे पंचायत शुरू हुई। करीब सवा घंटे चली पंचायत में लोगों ने निर्णय लिया कि पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वेंद्र सिंह 36 कौम के रक्षक रहे हैं। उनके साथ अन्याय किया जा रहा है, जिसे 36 कौम सहन नहीं करेगी।

कुम्हेर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह महरावर ने बताया- मंदिर में 36 कौम की पंचायत रखी गई थी। यह पंचायत पूर्व राजपरिवार में चल रहे विवाद में सुलह करवाने के लिए रखी गई थी। महरावर ने कहा- अनिरुद्ध सिंह का बयान निंदनीय है और उसकी जाट समाज भर्त्सना करता है। पूर्व राजपरिवार केवल जाट



समाज का नहीं, बल्कि सभी समाज का है। उन्होंने कहा कि अनिरुद्ध ने कहा था कि वे राजपूत की संतान है, जबकि हम सभी जाट समाज की संतान है। इसके कारण सर्व समाज ने उनके बयानों की निंदा की है।

पंचायत में शामिल हरवीर सिंह और नीबो सरपंच ने कहा कि अनिरुद्ध सिंह ने अपने पिता एवं पूर्व राजवंश के सदस्य विश्वेंद्र सिंह के साथ दुर्व्यवहार किया है। जब तक उनको न्याय नहीं मिलेगा, तब तक सर्वसमाज उनके साथ रहेगा। वहीं, पंचायत के बाद सर्वसमाज के लोगों ने पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह से भी मुलाकात की। वहीं विश्वेंद्र सिंह ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है।

---

उत्तर पश्चिम रेलवे के कार्यवाहक महाप्रबंधक ने ली बैठक

# ट्रेनों की संरक्षा एवं सुरक्षा पर दिया जाए विशेष ध्यान: अशोक माहेश्वरी

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे के कार्यवाहक महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे हुए थे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक में अशोक माहेश्वरी, कार्यवाहक महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है और गर्मी के मौसम में



रेलवे के संरक्षा एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने इस मौसम में बरती जाने वाली सावधानियां जैसे कि पेट्रोलिंग, खतरे के समय गाड़ियों के सुरक्षित संचालन संबंधी नियम आदि पर रेल कर्मियों को गहन प्रशिक्षण एवं काउंसलिंग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संरक्षित एवं सुरक्षित रेल संचालन के लिए सभी को सतर्क और सजग रहकर अपना योगदान देना है। इसी के साथ श्री अशोक माहेश्वरी ने यात्रियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका निदान जल्दी से जल्दी करने के निर्देश दिए। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे पर गाड़ियों की समयपालनता बढ़ाने के भी निर्देश दिए। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मण्डलों पर चल रही परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने के साथ ही विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ निष्पादन के लिए दिशा निर्देश भी प्रदान किए।

---

पुलिस विभाग में पदोन्नति मामला

# सर्कुलर पर कोर्ट की रोक, जारी किया नोटिस

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल से निरीक्षक तक के पदों पर पदोन्नति के लिए आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को लेकर जारी सर्कुलर के क्रियान्वयन और प्रभाव पर रोक लगाते हुए नोटिस जारी किया है।

जस्टिस रेखा बोराणा की एकलपीठ के समक्ष पुलिस कांस्टेबल पद पर कार्यरत याचिकाकर्ता जितेन्द्रसिंह और अन्य की ओर से याचिका पेश करते हुए सर्कुलर को चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुशील सोलंकी ने याचिका पेश करते हुए बताया कि याचिकाकर्तागण डूंगरपुर जिले में




कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। याचिकाकर्ता सभी सामान्य वर्ग से सम्बंध रखते हैं और कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल पद पर प्रमोशन के इच्छुक हैं। पुलिस विभाग ने दिनांक 7.3.2024 को विभागीय पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ की। विभागीय पदोन्नति की प्रक्रिया के दौरान एक आदेश दिनांक 14.5.2024 को जारी किया, जिसमें कहा गया कि आरक्षित वर्ग के सभी अभ्यर्थी जो सामान्य वर्ग से वरिष्ठ हैं और इन्होंने आरक्षण का लाभ लिया या नहीं उनको भी सामान्य वर्ग में विचार करें। इनके प्रमोशन से जो रिक्तियां भरी जाएंगी उनको अगले साल की रिक्तियां में समायोजित किया जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से इस आदेश को चुनौती देते हुए अधिवक्ता सोलंकी ने तर्क दिया कि ये पहले आदेश दिनांक 27.10.2015 से एकदम विपरीत है, जिसमें यह कहा गया कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी जिन्होंने आरक्षण का लाभ लिया है उन्हें सामान्य वर्ग में विचार नहीं किया जा सकता।

अधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी जिन्होंने आरक्षण का लाभ लिया है, उनको सामान्य वर्ग में विचार नहीं किया जा सकता नहीं तो इससे आरक्षित वर्ग का प्रतिशत बढ़ जाएगा। ये कानूनी रूप से गलत है। हाईकोर्ट जस्टिस बोराणा ने प्रारम्भिक सुनवाई करते हुए नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में जवाब तलब किया है। इसके साथ ही कोर्ट ने आदेश दिनांक 14.5.2024 की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है।

---


अवैध खनन का मामला दर्ज होने पर बोले-कांग्रेस प्रत्याशी गुंजल

# BJP नेताओं के दबाव में की गई है मुझ पर कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस से कोटा के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल पर अवैध खनन का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। उनके क्रेशर पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में मेसनरी स्टोन, डंपर और एलएनटी मशीन को सीज किया गया है।

इस पूरे मामले पर प्रहलाद गुंजल ने आरोप लगाया कि मतगणना के पहले सरकार और प्रशासन बौखलाया हुआ है। यह पूरी कार्रवाई भाजपा नेताओं के इशारे पर कोटा के पुलिस अधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने



की है। गुंजल ने आरोप लगाया कि मतगणना के पहले यह लोग इस तरह की कार्रवाई कर हमें उत्तेजित कर रहे हैं, ताकि मुकदमे हो जाएं और मतगणना में इन लोगों को धांधली करने का मौका मिल जाए। गुंजल ने कहा कि दर्ज एफआईआर में धारा 379 किस हिसाब से लगाई गई है, जबकि यह पत्थर ही मेरा है। ऐसे में मेरे ही पत्थर की चोरी का इल्जाम मुझ पर लगाया जा रहा है। बदले की नीयत से अवैध कार्रवाई शुरू की है। गुंजल ने कहा कि ओम बिरला ने हार मान ली है। ऐसा लगता है कि सारा प्रशासन पंगु हो गया है।

#### एक-एक इंच जमीन मेरी

गुंजल ने बताया कि राजाराम नाम के व्यक्ति ने इस जमीन का स्पेसिफिक क्रेशर के लिए कन्वर्जन साल 2010 में करवाया था। यह पूरी प्रक्रिया और एनओसी तत्कालीन एसडीएम लाडपुरा ने किया था। इसके बाद यह कन्वर्ट हुई जमीन को हमने खरीद ली। उन्होंने कहा कि 'मेरी पत्नी जय कंवर के नाम यह रजिस्ट्री हुई है। हम इस पर 2015 तक क्रेशर नहीं लगा पाए, जिसके बाद सरकार से अवधि विस्तार की छूट ली और 2016 से यहां पर क्रेशर को ऑपरेट कर रहे हैं। कोरोना के समय को छोड़कर यह चल रहा है। हमारे पास 2018 तक की एनवायरमेंट क्लीयरेंस है। इसके बाद क्रेशर चलाने के लिए कोई सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। पूरा क्रेशर भी मेरी ही जमीन पर है। सभी विभाग चाहे तो मीडिया की मौजूदगी में इस जमीन को नाप सकते हैं'। गुंजल ने कहा कि आने वाले दिनों में बारिश आ रही है, ऐसे में कुछ पत्थर यूआईटी की जमीन पर डाल दिए थे।

#### नियमों के दायरे में है सारा काम

गुंजल आरोप लगाया कि "दबाव में गलत काम करने वाले अधिकारियों को बाद में भुगतना पड़ेगा। हमारा सारा काम नियमों के दायरे में है। ये बिल्कुल भी गैर कानूनी नहीं है। मेरे क्रेशर के चारों तरफ खातेदार हैं। मैं 4 जून को मतगणना के बाद चुनाव का परिणाम कुछ भी हो, लेकिन कौन सी फैक्ट्री ने जंगलात पर कब्जा किया है, जिले में कितने क्रेशर अवैध चल रहे हैं, सब पर कार्रवाई करवाऊंगा। मैं आर-पार की लड़ाई लड़ूंगा।

---

सरकार पर भेदभाव करने का आरोप

# निजी बस ऑपरेटर्स के बगावती हुए स्वर

**बेधड़क** | जयपुर

बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन राजस्थान की ओर से अपनी मांगों को लेकर बगावती स्वर सुनाई देने लगे हैं। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगो को लेकर सरकार को अल्टीमेटम जारी किया गया।

मीडिया के समक्ष अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी और निजी बसों के प्रति पक्षपात का आरोप लगाया। इस दौरान अध्यक्ष सत्यनारायण साहू, संयोजक सुभाष चौधरी, महासचिव रविप्रकाश सैनी समेत अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। उन्होंने सरकार पर निजी बस संचालको के खिलाफ सरकारी तंत्र द्वारा दोहरे मापदंड अपनाए जाने की बात कही।

एसोसिएशन ने अपनी मांग में लोक परिवहन स्टैज कैरिज और सभी श्रेणी की बसों को रोडवेज के रूट एवं स्टैंडो से संचालित करने, हीरापुरा बस स्टेंड से अजमेर के लिए रोडवेज एवं निजी बसें संचालित करने, वाहनों के अस्थाई अनुज्ञा पत्र ऑफलाइन बनवाने, कैश काउंटर पुनः शुरू करने जैसे मांगे रखी।

## जरूरी खबर

### ई-रिक्शा में बैठी महिला का पर्स छीनकर भागे



**जयपुर।** बाइक सवार बदमाश ई-रिक्शा में बैठी महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए। छीना-झपटी में महिला ई-रिक्शा से सड़क पर गिर गई। इससे महिला के कंधे, पैर और मुंह पर चोटें आई है। पीड़िता के देवर ने मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर लुटेरों की तलाश में जुटी है। कमला नेहरु नगर निवासी विशाल शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है। विशाल ने बताया- उनके भाई और भाभी बच्चों के साथ हनुमानगढ़ से यहां घूमने आए थे। सोमवार रात को करीब 11:15 बजे सिटी पार्क घूमकर ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास 2 लड़को ने ई-रिक्शा के पास बाइक लगाई और मौका पाकर कृष्णा देवी (36) के हाथ पर्स छीन ले गए।

### अग्रवाल समाज के चुनाव की मतगणना पर रोक

**जयपुर।** राजधानी में अग्रवाल समाज के चुनाव की मतगणना पर मंगलवार को कोर्ट ने रोक लगा दी। इस दौरान कोर्ट का ऑर्डर लेकर मतगणना केंद्र पहुंचे वकील के साथ लोगों ने धक्का-मुक्की कर दी। दरअसल, चुनाव में तीन ग्रुप आमने सामने हैं। इसमें लखदातार ग्रुप, प्रदीप ग्रुप और प्रगति ग्रुप आमने सामने हैं। प्रगति ग्रुप के प्रत्याशी आनंद गुप्ता ने लखदातार ग्रुप पर फर्जी मतदान के आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- हमने इस मामले को कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अग्रवाल समाज के चुनाव परिणाम जारी करने पर रोक लगाई। बता दें कि चुनाव समिति की ओर से मतगणना का समय सुबह 10 बजे रखा गया था, लेकिन देरी से शुरू हुई। यहां 15121 वोटों की गिनती होनी है। मतगणना के लिए चार स्कैनर लगाए गए हैं। मतगणना दिखाने के लिए एक बड़ी स्क्रीन लगाई गई है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


## राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले के प्रति जयपुरवासियों में खासा उत्साह

# दो दिन में बिके 30 लाख रुपए के साबूत और पिसे हुए मसाले

**बेधड़क** । जयपुर

राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 के प्रति जयपुरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मेले में दो दिन में करीब 30 लाख रुपए के मसालों सहित अन्य सामग्रियों की बिक्री हो चुकी है। जवाहर कला केंद्र में 19 मई से शुरू हुआ यह मेला 28 मई तक चलेगा।

उपभोक्ता संघ की प्रबंध निदेशक शिल्पी पाण्डे ने बताया कि मेले में जयपुरवासी बड़ी मात्रा में अपनी आवश्यकता के अनुसार साबुत एवं पिसे मसालों की खरीद कर रहे हैं। जवाहर




कला केंद्र में कॉनफैड के उपहार स्टोर पर उच्च क्वालिटी की लाल मिर्च, धनिया (रामगंज मंडी), सांगली की हल्दी , जीरा और सौंफ की खरीदारी के लिए लोगों में जबरदस्त क्रेज है।

### कई प्रदेशों के मिल रहे मसाले

पाण्डे ने बताया कि इस बार इरोड़ की हल्दी, चौन्नई की मुण्ड मिर्ची, सांभर मसाला, केरल की दालचीनी, कालीमिर्च, लौंग, काजू, बनाना चिप्स उपलब्ध कराया गया है। मेले में इन सभी उत्पादों की बिक्री को देखते हुए तमिलनाडु एवं केरल से इन उत्पादों का अतिरिक्त स्टॉक मंगवाया जा रहा है। मेले में पंजाब का रेडी टू इट प्रोडक्ट की डिमांड बनी हुई है। उपभोक्ता संघ के महाप्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि मेले में नागौर की सूखी सब्जियां जैसे कैर, सांगरी, कुमटी, काचरी एवं टिण्डा के अलावा देशी जीरा, पान मैथी, हरी दाना मैथी, पीली दाना मैथी व रोस्टेड अलसी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि पलसाना (सीकर) समिति द्वारा प्याज, घाट की गुणी, धानी, भूंगड़े तथा पीसे मसाले उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आबूरोड के स्टॉल पर सौंफ विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

### आज होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

कुमार ने बताया कि जोधपुर सहकारी उपभोक्ता भंडार द्वारा उपभोक्ताओं को राबोड़ी, केर, सांगरी, कुमठिया, पचकूटा सहित एगमार्क मसाले, मेले में किचन वीयर, उदयपुर भंडार द्वारा ठण्ड़ाई एवं सूखे मेवे की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेले में बुधवार को जयपुर खण्ड की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले में आंगुतकों के लिए निःशुल्क पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। वहीं, फूड कोर्ट की व्यवस्था भी की गई है।

## चित्रकूट थाना पुलिस ने की कार्रवाई, चार लोग गिरफ्तार

# 4 दुकानों से 70 लाख रुपए के नकली ब्रांडेड जूते-कपड़े जब्त







**बेधड़क** । जयपुर

नामी कंपनियों के ट्रेडमार्क लगाकर जूते व कपड़े बेचने वालों के खिलाफ चित्रकूट थाना पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने चार अलग-अलग दुकानों पर दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 70 लाख रुपए की कीमत के नकली जूते व कपड़े बरामद किए हैं।

आरोपी यह माल पंजाब, दिल्ली, गुड़गांव और गुजरात से लाकर यहां असली बता सस्ते में बेचान करते थे। डीसीपी अमित कुमार पश्चिम ने बताया कि कम्पनी प्रतिनिधि राधेश्याम और सहयोगी गोविंद कसाना ने सूचना दी थी, जिसमें बताया था कि चित्रकूट थाना क्षेत्र की कुछ दुकानों पर उनकी नामी कंपनी के स्टीकर, लोगो और ट्रेडमार्क लगाकर बेचान कर रहे हैं।

इससे ना सिर्फ उनकी कंपनी बल्कि राजस्व का नुकसान हो रहा है। सूचना के बाद वैशाली नगर एसीपी आलोक गौतम के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर अलका की टीम ने फैशन स्वैग, धाकड़ फैशन, पाजी गार्मेंट्स और द रॉयल फील नाम की दुकानों पर दबिश दी। जहां से चारों दुकानदारों को गिरफ्तार कर दुकानों से कंपनी की अनुमानित करीब 70 लाख राशि का माल बरामद किया। पुलिस ने कॉपीराइट और ट्रेडमार्क एक्ट के तहत मामला दर्ज करने के साथ ही जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## 3-4 महीने से था पेट दर्द

# बिना बड़ा कट लगाए निकाली 28 सेंटीमीटर की गांठ



**बेधड़क** । जयपुर

पेट दर्द और उल्टियों से परेशान युवती के पेट में बिना बड़ा कट लगाए डाक्टर्स ने गांठ निकाल दी। ओवेरियन मॉस का लेप्रोस्कोपी से यह सफल ऑपरेशन यह ऑपरेशन पं. दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल गणगौरी बाजार में किया गया। युवती पिछले 3-4 महीने से पेट दर्द और उल्टियों से परेशान थीं। बीमारी में उसके अंडाशय में बनी एक गांठ बढ़कर लिवर तक पहुंच गई थी, जिससे युवती की आंत दब गई थी।

हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. हरजीत सिंह ने बताया-19 साल की मरीज हरियाणा की रहने वाली है। उसके पेट से 28 सेमी. की गांठ निकाली गई। अमूमन ऐसे ऑपरेशन के लिए पेट पर बड़ा चीरा लगाना पड़ता है। हॉस्पिटल में स्त्री और प्रसुति विभाग की आचार्य डॉ मेघा अग्रवाल ने बताया कि मरीज पिछले तीन-चार माह से पेट दर्द से परेशान थी। जांच में पता चला कि इसके बच्चादानी की राइट साइड वाले अंडाश्य से निकली एक गांठ बढ़ते-बढ़ते लिवर तक पहुंच गई जिसे बिना पेट का चीरा लगाए निकालना मुश्किल था। जनरल सर्जरी के सीनियर स्पेशलिस्ट डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. मेघा अग्रवाल और उनकी टीम डॉ. मोनिका, डॉ. प्रतिभा, डॉ. शारु और डॉ. मिनाक्षी ने ऑपरेशन के दौरान एक-एक सेमी. के दो हॉल करके गांठ के वॉटर कंटेंट को हटाया। सॉलिड वाले हिस्से को लिवर से अलग करके टुकड़ों में बाहर निकाला गया। डॉ. शर्मा ने बताया- मरीज अब पूरी तरह ठीक है। जल्द उसे छुट्टी दे दी जाएगी।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मिली थी सजा

# जयपुर के सेशन कोर्ट से भागा मुल्जिम

**बेधड़क** । जयपुर

सेशन कोर्ट से एक मुलजिम के भागने का मामला सामने आया है। आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में उसे 7 साल की सजा मिली थी। चालानी गार्ड के आने से पहले गच्चा देकर मुल्जिम कोर्ट से फरार हो गया।

सदर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर फरार मुलजिम की तलाश शुरू कर दी है। एसआई अभिषेक स्वामी ने बताया- एडीजे-7 कोर्ट के रीडर रघुवीर प्रसाद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया-



मुल्जिम मोहम्मद सलीम (30) पुत्र मोहम्मद मालू निवासी बरकत कॉलोनी झोटवाड़ा, सेशन कोर्ट से फरार हो गया है। उसके खिलाफ झोटवाड़ा थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज था। 16 मई को मोहम्मद सलीम को कोर्ट एडीजे-7 में पेश किया था। मुल्जिम मोहम्मद सलीम को सुसाइड के लिए उकसाने के लिए 7 साल की साधारण कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। सजा मिलने के बाद मुल्जिम सलीम को न्यायिक अभिरक्षा के लिए चालानी गार्ड को तलब किया गया। इसी दौरान मौका पाकर मोहम्मद सलीम कोर्ट से फरार हो गया। काफी ढूंढने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। फरार मुल्जिम के खिलाफ सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस फरार मुल्जिम को पकड़ने के लिए उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## 'देवदर्शन' यात्रा पर जयपुर पहुंचीं प्रधानमंत्री मोदी की पत्नी

# जसोदाबेन नंगे पांव पहुंचीं गोविंद के दरबार

**राजेश कुमावत** । बेधड़क

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धर्मपत्नी यशोदा बेन मोदी 'देवदर्शन' यात्रा पर निकली हुई हैं। 20 मई को राजस्थान के पाली जिले में स्थित ऐतिहासिक ओम मंदिर में दर्शन के बाद वे मंगलवार को जयपुर पहुंची। जसोदाबेन मोदी सुबह आराध्य देव श्री राधागोविंद देवजी मंदिर में परिवारजनों के साथ दर्शन करने पहुंचीं। चटख लाल रंग की गुजराती साड़ी पहने जशोदाबेन मोदी हाथ जोड़ते हुए गाड़ी से नंगे पांव उतरी और परिवार



जनों के साथ गोविंद देव जी मंदिर जगमोहन तक पहुंची। यहां मंदिर की देहरी पर बैठकर पूजा अर्चना की। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने प्रसाद दुपट्टा एवं भगवान राधा गोविंद का चित्र देकर जसोदाबेन मोदी का स्वागत किया। लगभग आधे घंटे बाद मंदिर से निकलीं तो उनसे मिलने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बात करने की कोशिश की लेकिन जसोदाबेन मोदी हंसते हुए हाथ जोड़कर सुरक्षा कर्मियों के सहयोग से चुपचाप गाड़ी में जाकर बैठ गई। सिटी पैलेस जाने के बाद जसोदाबेन द्वारा खोले के हनुमान मंदिर, आमेर स्थित शिला माता मंदिर जाने की भी खबर है। अलवर जिला भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक प्रतापगढ़ी ने बताया कि बुधवार को सरिस्का स्थित पांडुपोल हनुमान मंदिर में जसोदाबेन मोदी धार्मिक अनुष्ठान भी करेंगी।

## राजस्थान हाई कोर्ट ने दी राहत

# मौजूदा शराब लाइसेंसी 30 जून तक चला सकेंगे दुकानें

**बेधड़क** । जयपुर

राजस्थान हाई कोर्ट ने प्रदेश के करीब 3 हजार से ज्यादा मौजूदा शराब की दुकान के लाइसेंस धारकों को राहत देते हुए कहा है कि इन पर आबकारी विभाग का 8 मई का आदेश प्रभावी नहीं होगा। मौजूदा शराब लाइसेंसी 30 जून तक शराब की दुकानें संचालित कर सकेंगे।

जस्टिस महेन्द्र गोयल की अदालत ने यह आदेश आनंद चौधरी व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया था कि पहले तो विभाग ने आदेश निकालकर उनका लाइसेंस तीन माह के लिए रिन्यू कर दिया था, लेकिन अब इनकी



दुकानों को नीलामी में शामिल किया जा रहा है। इस पर हाई कोर्ट ने ऐसे लाइसेंस धारकों की दुकानों को आगामी 30 जून तक संचालित करने का निर्देश दिया है।

### आबकारी विभाग के आदेश को दी थी चुनौती

याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में आबकारी विभाग के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि जब उनकी संचालन की अवधि को राज्य सरकार ने 30 जून तक बढ़ा दिया है तो बाद में इस अवधि के दौरान उनकी दुकानों को नीलामी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा सकता। इसलिए उन्हें 30 जून तक दुकानें संचालन करने की मंजूरी दी जाए। वहीं, राज्य सरकार ने अदालत को आश्वस्त किया कि याचिकाकर्ता दुकान संचालकों को तीस जून तक दुकान संचालित करने दी जाएगी और इस दौरान उनकी दुकानों को नीलामी में शामिल नहीं किया जाएगा। इस पर अदालत ने राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लगते हुए याचिकाकर्ताओं को 30 जून तक दुकानें संचालन की मंजूरी दी है।

### पहले यह माना था हाई कोर्ट ने

गौरतलब है कि पूर्व में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की उस कार्रवाई को गलत माना था, जिसके तहत राज्य सरकार ने आचार संहिता का हवाला देकर शराब लाइसेंस की अवधि तीन माह के लिए बढ़ाते हुए लाइसेंस धारियों को तीस जून तक दुकान संचालित करने को कहा था।

# डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने किया पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क** । जयपुर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 9 को विद्याश्रम स्कूल में होने जा रहे कार्यक्रम 'घट-घट के वासी, राम एक ज्ञान यात्रा राम से प्रभु राम तक' के पोस्टर का विमोचन किया। अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा पंकज ओझा ने उपमुख्यमंत्री को कार्यक्रम में आमंत्रित भी किया गया, जिसकी उन्होंने सहमति भी प्रदान की। इस अवसर पर गब्बर कटारा, सुनील गोधा, भारतभूषण जैन, विपिन दीक्षित, प्रो.के के शर्मा, उपेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### जन्मदिन पर BJP नेता पुजारी को बधाइयों का तांता



**चूरू।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मवीर पुजारी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। मंडल कार्यालय सालासर में भाजपा नेताओं ने पुजारी को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस मौके मंडल अध्यक्ष मनोज भाणेज, विधानसभा चुनाव प्रत्याशी संतोष मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष भंवरलाल, कुंभाराम डुकिया, सुरेश पुजारी, श्रवण विधारिया, नेमीचंद प्रजापत, मनोज पारीक, सुरभि पांडे, प्रगति जैन सहित अनेक लोग मौजूद रहे व पुजारी को जन्मदिन की बधाइयां दी।

### इंदिरा गांधी नहर में नहाने उतरे दो जने डूबे, एक को बचाया

**बीकानेर।** लूणकरनसर के पास इंदिरा गांधी नहर की कंवरसेन लिफ्ट में डूबने से दो जनों की मौत हो गई। एक को बचा लिया गया। घटना 3 बजे के आस-पास हुई। पुलिस के अनुसार, श्रीडूंगरगढ़ के वार्ड-23 में स्थित बिग्गा बास का श्याम रथ डीजे साउंड के यहां से एक टीम लूणकरनसर के आरडी 264 में जेठाराम सांसी के बेटे की शादी में आई थी। ये लोग नहर के पास रुक गए। इसी दौरान गर्मी लगी तो नहर में नहाने के लिए उतर गए। इसमें लाखन (27) पुत्र पुखराज भार्गव, ताराचंद (14) पुत्र हड़मान जाट नहर में नहाते समय डूब गए। इस दौरान कन्हैयालाल मेघवाल (13) को ग्रामीणों ने बचा लिया गया।

### चुनाव मतगणना की 1300 कार्मिकों को दी ट्रेनिंग



**सीकर।** लोकसभा आम चुनाव की मतगणना के लिए सीकर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी में एआरओ टीम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 4 जून को मतगणना होगी। इसके लिए जिला निर्वाचन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। जिला साक्षरता अधिकारी राकेश कुमार लाटा ने बताया कि मतगणना के लिए 1300 से ज्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों को मंगलवार को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत माइक्रो आब्जर्वर, काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग सुपरवाइजर एआरओ को ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद द्वितीय प्रशिक्षण 1 जून को दिया जाएगा।

**सुबह 8 बजे वाटर होल पद्धति से 24 घंटे चलेगी गणना, सात साल बाद वन्यजीवों की सही संख्या का चलेगा पता**

# कल होगी वन्यजीवों की गणना, गोडावण पर रहेगा फोकस

**बेधड़क** | जैसलमेर



सीमावर्ती जिले जैसलमेर सहित प्रदेश में 4 वर्ष बाद अब वन्यजीवों की गणना का काम शुरू होगा। यह गणना वॉटर होल मार्क पद्धति से होगी। यह कार्य राष्ट्रीय मरू उद्यान में भी होगा। इससे राज्य पक्षी गोडावण की संख्या का पता चल सकेगा। फिलहाल यह प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है। डीएफओ आशीष व्यास ने बताया कि पिछले 7 साल में वैज्ञानिक पद्धति व 4 साल से वॉटर होल पद्धति से गणना नहीं हुई है। यही कारण है कि जैसलमेर में कितने गोडावण है, इसकी संख्या वन विभाग के पास भी नहीं है। अब वैशाख पूर्णिमा या बुद्ध पूर्णिमा पर 23 मई को सुबह 8 बजे वाटर होल पद्धति से वन्यजीवों की गणना शुरू होगी जो कि 24 मई सुबह 8 बजे तक चलेगी। डीएनपी में इस बार भी वैज्ञानिक पद्धति से गणना नहीं हो पाएगी। इसका मुख्य कारण फील्ड फायरिंग रेंज में गणना के लिए परमिशन न मिल पाना बताया जा रहा है। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून द्वारा 2017 में गोडावण की गणना की गई थी। इसके बाद 2018 में वन विभाग ने वॉटर होल पद्धति से वन्य जीवों की गणना की थी, लेकिन 2018 के बाद से वॉटर होल पद्धति से भी गणना नहीं हो पाई है। 2020 में कोरोना तथा 2021 में बरसात होने के कारण वन्य जीवों की गणना को पुष्ट नहीं माना गया। ऐसे में अंतिम रूप से 2022 में वन्यजीवों की गणना वॉटर होल पद्धति से की गई थी, जिसमें भी सही आंकड़े सामने नहीं आए थे।

### पूर्व की अंतिम गणना में थे सिर्फ 42 गोडावण

अंतिम गणना 2022 में वॉटर होल पद्धति से की गई थी, जिसमें भी सही आंकड़े सामने नहीं आए थे। हालांकि उस समय गोडावण की संख्या 42 बताई गई थी। इसके बाद पिछले साल 2023 में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहले बुद्ध पूर्णिमा की गणना को स्थगित कर ज्येष्ठ पूर्णिमा को करने का निर्णय लिया गया, लेकिन बाद में उसे भी निरस्त कर दिया था। अब अगर मौसम सही रहा तो 23 मई को वोटर होल पद्धति से गणना हो सकेगी।

### 'वाइल्डलाइफ एस्टिमेशन' दिया नाम

डीएनपी के डीएफओ आशीष व्यास का कहना है कि वन्यजीव संख्या आंकलन वर्ष 2024 के लिए कई स्थानों पर कैमरा ट्रैप पद्दति से तो कई स्थानों पर वॉलेंटियर की मदद से गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि वन्यजीवों की संख्या का सटीक आंकलन करना चूंकि बहुत जटिल प्रक्रिया है, इसलिए इस पद्दति का नाम वन्यजीव गणना के बजाए वन्यजीव आंकलन या वाइल्ड लाइफ सेंसस की जगह वाइल्ड लाइफ एस्टिमेशन दिया गया है। इस साल वॉटर होल पद्धति से गोडावण की गणना की जाएगी।

**बड़ी सफलता: SKRAU के वैज्ञानिकों ने बनाई खास मशीन**

# अब फसल अवशेष खेत में करेंगे जैविक खाद का काम

**बेधड़क** | बीकानेर




स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीन 'स्टबल चॉपर कम स्प्रेडर' पर यूके (यूनाइटेड किंगडम) से पेटेंट मिला है।

कृषि विश्वविद्यालय की डॉ. मनमीत कौर, डॉ. वाई. के. सिंह, सुश्री शौर्या सिंह, डॉ. अरुण कुमार एवं डॉ. पी. के. यादव को ये पेटेंट मिला है। कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए वर्तमान में जो मशीनें हैं वे सब्सिडी के बाद भी काफी महंगी हैं।

लिहाजा, आम किसान उसका उपयोग नहीं कर पाता, लेकिन "स्टबल चॉपर कम स्प्रेडर" मशीन उनसे करीब चार गुना कम कीमत पर ही उपलब्ध हो सकेगी। इस मशीन का व्यावसायिक निर्माण विश्वविद्यालय अपने स्तर पर निजी फर्म के साथ टाईअप कर जल्द ही शुरू करेगा। लिहाजा, कृषि विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि अब पराली एवं अन्य फसल अवशेषों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर पाएगी। पेटेंट मिलने पर कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा निरन्तर किए जा रहे शोध विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर ख्याति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगें। गौरतलब है कि पिछले वर्ष ही एसकेआरएयू को बाजरा बिस्किट पर फेडरल रिपब्लिक ऑफ जर्मनी से पेटेंट मिला था।

### फसल कटाई के बाद अवशेष भी होंगे उपयोगी

सह आचार्य डॉ. वाई.के. सिंह ने बताया कि यूनाइटेड किंगडम से पेटेंट मिलने में करीब पांच छह महीने लग जाते हैं, लेकिन इस मशीन को एक महीने में पेटेंट प्रदान कर दिया गया। साथ ही मशीन के कार्य करने को लेकर बताया कि फसल कटने के बाद जो फसल अवशेष रह जाते हैं उसे ये मशीन छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर पूरे क्षेत्र में फैला देती है, जो जैविक खाद में परिवर्तित होकर फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराता है।

### लंबे समय शोध के बाद तैयार की डिजाइन

कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डीन डॉ. पीके यादव ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर लम्बे समय तक शोध के उपरांत "स्टबल चॉपर कम स्प्रेडर" का डिजाइन तैयार किया गया है, जिसे यूनाइटेड किंगडम द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया है। साथ ही कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन लंबे समय से देश में ज्वलंत समस्या बनी हुई है। जिसका विभिन्न प्रयासों के बाद भी निराकरण नही हो पा रहा है। ऐसे में कृषि विश्वविद्यालय द्वारा बेहद कम कीमत पर निर्मित मशीन 'स्टबल चॉपर कम स्प्रेडर' आने वाले समय में फसल अवशेष प्रबंधन के क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रभाव ला सकती है।

### प्रदूषण रोकने में भी सहायक होगी मशीन

सहायक आचार्य डॉ. मनमीत कौर ने बताया कि जुलाई 2023 में नीति आयोग द्वारा प्रकाशित एक वर्किंग पेपर के अनुसार भारत प्रतिवर्ष करीब 650 मिलियन टन फसल अवशेष उत्पन्न करता है। किसानों द्वारा अधिक फसल पैदा करने की प्रतिस्पर्धा के चलते फसल अवशेषों को अपशिष्ट मानकर त्वरित निपटान के लिए जला देना आम बात हो गई है। जबकि फसल अवशेष जलाने से ना केवल महत्वपूर्ण बायोमास का नुकसान होता है, बल्कि यह प्रदूषण वृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। फसल अवशेष दहन से मृदा की उर्वरता भी कम हो रही है एवं मानव स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

**वारदात के बाद आरोपी फरार**

## आपसी विवाद में बड़े ने छोटे भाई को मारी गोली, मौके पर ही हुई मौत



**बेधड़क** | उदयपुर

जिले के मांडवा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों के कत्ल का मामला सामने आया है। गांव में एक व्यक्ति ने अपने ही सगे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। छोटा भाई घर का अनाज बेचकर शराब पीता था। इस बात को लेकर हुए झगड़े में बड़े भाई ने छोटे भाई पर बंदूक से फायर कर दिया और मौके से फरार हो गया।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। मांडवा थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि घटना क्षेत्र के सुलाव गांव की है। मृतक लाला गरासिया है। वह अक्सर घर का अनाज बेचकर शराब पीने का आदी हो गया था। इसी बात पर दोनों भाइयों में विवाद होता रहता था। मंगलवार को घर में बहस बढ़ने के बाद बड़े भाई ने टोपीदार बंदूक से छोटे भाई के सिर में फायर कर दिया। इससे छोटे भाई लाला गरासिया की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कोटड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इस बीच आरोपी भाई फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। थानाधिकारी सिंह ने बताया कि मृतक लाला गरासिया के चार छोटे-छोटे बच्चे और पत्नी है। उन्होंने बताया कि घर का अनाज बेचने की बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से कहासुनी चल रही थी।

मंगलवार को भी दोनों के बीच इस बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान टोपीदार बंदूक से बड़े भाई ने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

**कलेक्टर ने मेड़ता चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण**

## व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

**बेधड़क** | नागौर

जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने लू के अलर्ट के बाद मंगलवार को मेड़ता के राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आपातकाल सेवाओं सहित ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम का भी गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर दवाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा तो मरीजों ने संतोषप्रद जवाब दिया। कलेक्टर पुरोहित ने अस्पताल का दौरा करने के बाद उपखंड



कार्यालय में अधिकारियों की बैठक भी ली और मौसम विभाग के हीटवेव के अलर्ट को देखते हुए आवश्यक सेवाओं को निर्बाध रखने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल को लेकर अधिकारियों को मौके पर हिदायत देते हुए कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में होती रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलेभर के अस्पतालों में दवाओं की कमी ना रहे, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस वक्त लू चल रही है। इसलिए दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बेहद जरूरी काम हो तो ही बाहर निकलें। थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें।

बाद में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आचार संहिता के बाद शीघ्र ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने मेडता रोड पोस्ट ऑफिस घोटाले के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से पुलिस अधीक्षक से बात कर इसकी जांच करवाएंगे।


**माचिया जैविक उद्यान में बाघिन की मौत, हीटवेव के असर की आशंका**

## शाम को सोई... फिर नहीं उठ सकी 'अंबिका'

**बेधड़क** | जोधपुर

कायलाना के पास स्थित माचिया जैविक उद्यान की बाघिन अंबिका की मंगलवार को मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि हीटवेव के चलते उसकी मौत हुई है।

हालांकि टीम की जांच के बाद ही अंबिका की मौके के कारणों को खुलासा हो सकेगा। वन विभाग ने अंबिका की मौत के बाद पोस्टमॉर्टम की टीम को बुलाया। हीटवेव के चलते वन्यजीवों के खाने की क्षमता कम हो जाती है और वो गर्मी से परेशान भी होते हैं। माचिया बायोलॉजिकल पार्क के रेंजर कानाराम विश्नोई ने बताया



कि सोमवार शाम पांच बजे अंबिका को खाना खिलाया गया। उस समय तक पूरी तरह से स्वस्थ्य थी। शाम को वह गहरी नींद में सो रही थी। उसके बाद उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठी। अभी अंबिका के पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उसके बाद ही उसकी मौत की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

वन विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले सात सालों से अंबिका नर शेर एंथोनी के साथ रह रही थी। शेरनी अंबिका को 2016 में कानपुर से जोधपुर के माचिया बायोलॉजिकल पार्क लेकर आए थे। अंबिका की मौत के बाद अब वह अकेला रह गया है।

### पैंथरों में संघर्ष, एक की गई जान

**अजमेर।** सोमलपुर की पहाड़ी के जंगल में सोमवार को पैंथर का शव मिला है। माना जा रहा है कि दो पैंथरों के आपसी संघर्ष में एक मारा गया है। पैंथर के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद मौत की असल वजह सामने आएगी। पैंथर की मौत की सूचना मिलने के बाद प्रशिक्षु आईपीएस वेंकटेश और रामगंज थाने का पुलिस जाप्ता भी मौके पर पहुंचा। वन विभाग और पुलिस दोनों का ही मानना है कि पैंथर की मौत संघर्ष में हुई है। यहां पैंथर के फुट प्रिंट और संघर्ष के साक्ष्य भी मिले हैं।

**11 किलोमीटर पीछाकर पकड़ा**

# तहसीलदार की सरकारी गाड़ी लेकर फरार हुआ नशेड़ी

- कर्मचारियों के धरने में वार्ता के लिए पहुंचे थे अधिकारी

**बेधड़क** | बूंदी

जिले के देई कस्बे में मंगलवार को एक अजीबोगरीब वाकया हुआ। यहां एक नशेड़ी नैनवां तहसीलदार की सरकारी गाड़ी को ही चुराकर ले भागा। उस समय तहसीलदार आंदोलनरत सफाईकर्मियों से वार्ता कर रहे थे।

मौके पर गाड़ी नजर नहीं आई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने 11 किमी पीछा कर वाहन को पकड़ा। अब देई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। देई




थानाधिकारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि देई नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने वेतन की मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय के सामने स्टेट हाईवे 34 पर चक्काजाम कर दिया था। सूचना मिलने पर नैनवां तहसीलदार रामराय मीणा, डीएसपी शंकर लाल सहित अधिकारी मौके पर समझाइश करने पहुंचे थे। इस दौरान तहसीलदार अपनी गाड़ी से नीचे उतरकर कर्मचारियों को पालिका भवन में समझाइश करने चले गए।

इस बीच उनके ड्राइवर ने गाड़ी उप तहसील में खड़ी कर दी और खुद शौच करने चला गया। इस दौरान गाड़ी की चाबी गाड़ी में ही रह गई। उसी समय मूंगफली के ठेले के पास खड़ा हुआ एक नशेड़ी बदमाश गाड़ी लेकर फरार हो गया।ड्राइवर जब वापस लौटा तो मौके पर गाड़ी नहीं मिली।

### ग्रामीणों ने ट्रैक्टर आगे लगाकर रुकवाई

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने गाड़ी की तलाश शुरू कर दी। पता लगा कि तहसीलदार की गाड़ी डोकुन गांव की तरफ जा रही है। तहसीलदार के ड्राइवर ने मोटरसाइकिल से पीछा करते हुए डोकुन गांव के ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने आगे ट्रैक्टर लगाकर गाड़ी को रोक दिया। इसी दौरान पीछा करती देई पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तहसीलदार की गाड़ी मिलने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

देई पुलिस के एएसआई वीरमदेव ने बताया कि तहसीलदार की कार के चालक स्वराज गुर्जर ने देई थाने में रिपोर्ट सौंपी थी। इस आधार पर पुलिस ने पीछा करते हुए गाड़ी को पास के डोकून गांव से बरामद कर लिया। देई थानाधिकारी युद्धवीर ने सिंह ने बताया कि फूलेता निवासी रमेश (38) पुत्र रामरतन जाट को डिटेन किया गया है। आरोपी नशे का आदी है और ट्रक चलाने का काम करता है। मामले में पूछताछ और अनुसंधान जारी है।

## सिलीसेढ़ में मगरमच्छ का किसान पर हमला



**बेधड़क** | अलवर

अलवर के समीप सिलीसेढ़ झील में सिंघाडे लगाते समय मगरमच्छ ने किसान पर अचानक हमला कर दिया। हमले में किसान लहूलुहान हो गया। किसान को उपचार के लिए अलवर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दरअसल, सिलीसेढ़ झील में मंगलवार को उमरैण निवासी किसान छोटेलाल सिंघाड़े लगा रहा था। तभी एक मगरमच्छ ने छोटलाल पर हमला कर दिया। मगरमच्छ ने किसान के पैर की पिंडी को दांतों से चबा दिया, जिससे पिंडी की दो फाड कर दी। छोटेलाल ने बताया कि वह सिंघाड़े की खेती करता है। सिलीसेढ़ में सिंघाड़ा लगाने के लिए वह पानी में घुसा ही था कि एक मगरमच्छ की पूंछ पर उसका पैर अड़ गया। इस पर मगरमच्छ ने अचानक ही पलटकर उस पर हमला कर दिया और पैर की पिंडी को नुकीले दांतों से चबा दिया, जिससे पिंडी दो फाड़ हो गई।

### राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# उभरते समुद्री सुरक्षा खतरों के मुकाबले का मिला प्रशिक्षण

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) की ओर से अपने एकीकृत तटीय एवं समुद्री सुरक्षा अध्ययन विद्यापीठ (SICMSS) के माध्यम से 'एकीकृत तटीय और समुद्री सुरक्षा और महासागर शासन' पर तीन सप्ताह के प्रमाणित प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले सत्र का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में तटरक्षक उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के कमांडर महानिरीक्षक ए.के. हरबोला उपस्थित रहे। SICMSS के निदेशक सुशील गोस्वामी ने 15 वरिष्ठ स्तर के तटरक्षक अधिकारियों की क्षमताओं को बढ़ाने में कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। गोस्वामी ने उभरते समुद्री सुरक्षा खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए आरआरयू के प्रशिक्षण कौशल की मदद से अधिकारियों को कौशल प्रदान करने में कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया।



विद्यापीठ के सहायक निदेशक अंकुर शर्मा ने कार्यक्रम की व्यापकता की बात की, इसमें समुद्री कानूनों से लेकर समुद्री फोरेंसिक और पुरातत्व जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों तक के आवश्यक विषयों को शामिल करते हुए 54 सत्र शामिल थे।

#### तटरक्षक अधिकारियों से सीखने का किया आग्रह

SICMSS के मुख्य सलाहकार और भारतीय तटरक्षक बल के पूर्व महानिदेशक डॉ. प्रभाकरन पलेरी ने अधिकारियों को आवश्यक ज्ञान से सशक्त बनाने के कार्यक्रम के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। महानिरीक्षक ए.के. हरबोला ने आरआरयू के नेतृत्व को उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। बढ़ती समुद्री गतिविधियों के मद्देनजर कार्यक्रम की आवश्यकता पर चर्चा की और तटरक्षक अधिकारियों से जितना संभव हो उतना सीखने का आग्रह किया।

#### अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे तक जटिल चुनौतियों के बारे में बताया

कुलपति प्रो. (डॉ.) बिमल एन. पटेल ने तटीय सीमाओं की सुरक्षा में भारतीय तटरक्षक बल की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। SICMSS में सहायक प्राध्यापक और प्रशिक्षण समन्वयक तनीषा रंजन ने ऐसे प्रशिक्षण पहलों की अनिवार्यता को पहचानने के लिए आरआरयू और ICG नेतृत्व का आभार व्यक्त किया, जो अधिकारियों को उभरती प्रौद्योगिकियों से लेकर अंतर्राष्ट्रीय कानूनी ढांचे तक की जटिल चुनौतियों से निपटने में मदद करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है।

## Yuva स्टोरीज



### 40 स्टूडेंट्स को दिया जा रहा शास्त्रों का प्रशिक्षण

**जयपुर**। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में मंगलवार को अखिल भारतीय व्याकरण शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर कृष्ण शर्मा थे। अध्यक्षता प्रो. सुदेश कुमार शर्मा निदेशक जयपुर परिसर ने की। सारस्वत अतिथि प्रो. रामकुमार शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि आचार्य ब्रजभूषण ओझा थे। कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. कुलदीप शर्मा ने बताया कि शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग के लिए अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा के माध्यम का चयन किया गया है। चयनित स्टूडेंट्स को देशभर के प्रसिद्ध विद्वान् शास्त्र का प्रशिक्षण देंगे। परिसर संयोजक प्रो. विष्णुकांत पांडेय ने बताया कि शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य व्याकरण शास्त्र का संरक्षण तथा शास्त्र ज्ञानवर्धन करवाना मुख्य उद्देश्य है। इस वर्ग में अध्ययन करने के लिए पूरे भारत से चयनित 40 स्टूडेंट्स अध्ययन के लिए आए हैं। यह वर्ग 19 जून तक चलेगा। इस वर्ग में भारत के सुप्रसिद्ध वैयाकरण अध्यापन करवायेंगे। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में ये कार्यशालाएं महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ये अखिल भारतीय स्तर पर पहली बार आयोजित हो रही है। संचालन नरेश सिंह ने किया, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. किरण खींची ने किया।

### अरावली ने दी भदौरिया अकेडमी को शिकस्त

**जयपुर**। न्यू भारत कप अंडर 17 का क्रिकेट मैच खेला गया। मैच अरावली वर्सेज भदौरिया अकेडमी के बीच खेला गया। इसमें टॉस अरावली अकेडमी ने जीता और बैटिंग करने का फैसला लिया। इस दौरान अरावली ने 10 विकेट पर 224 रन बनाए। इसमें ओमांश शर्मा ने 77 रन और संजीव खुस्वा ने 47 रन बनाए। वहीं भदौरिया टीम की ओर से विकास जांगिड और नितिन सेनी ने 3/3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदौरिया अकेडमी 160 पर सिमट गई। इसमें शिवांश सोनी ने 42 रन की पारी खेली।




अरावली कि ओर से पालांश चतुर्वेदी ने 5 विकेट लेकर मेच अपने नाम किया।



### नेशनल मुएथाई चैंपियनशिप में खेलेंगे प्रदेश के 40 खिलाड़ी

**जयपुर**। गुवाहाटी में होने वाले नेशनल मुएथाई चैंपियनशिप 25 से 31 मई को गुवाहाटी लक्ष्मीबाई मित्तल फिजिकल एजुकेशन आंफ कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। चैंपियनशिप में राजस्थान टीम का भी चयन हुआ है और राजस्थान के बच्चों ने भी भाग लिया है। साथ ही जो सीनियर बच्चे जीतेंगे उनका एशियन ओलिंपिक इंडोर मार्शल आर्ट गेम के लिए क्वालिफिकेशन होगा। मुएथाई एसोसिएशन जनरल सेक्रेटरी श्रीराम चौधरी, विंदा कोठारी, डॉ. राम गुलाटी सिद्धार्थ कोठारी, रामानुज अग्रवाल चेयरमैन बीएनजी ग्रुप सभी ने बच्चों को उनके भविष्य के लिए प्रोत्साहन किया और चैंपियनशिप के लिए बहुत सारी बधाइयां दी। इसी के साथ लगभग 40 से अधिक स्लम एरिया की बच्चियों को टी-शर्ट देकर उन्हें भविष्य के बारे में प्रेरणा दी ।

### स्टूडेंट्स को एकेडमिक क्रेडिट स्कोर बढ़ाने का मौका

# शहर के स्टूडेंट्स को मिल रहा ग्लोबल एक्सपोजर

बेधड़क | जयपुर

शहर के शिक्षण संस्थान स्टूडेंट्स को स्टडी एक्सपोजर देने के लिए अब स्टडी एक्सचेंज प्रोग्राम्स के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भेज रहे है। इसके तहत ना सिर्फ देश में बल्कि विदेश के शिक्षण संस्थानों में भी शहर के स्टूडेंट्स विभिन्न प्रोग्राम्स के अंतर्गत जा रहे हैं। यहां से मिलने वाले क्रेडिट स्कोर भी उनकी रिजल्ट में जुड रहे हैं। इतना ही नहीं आईआईटी और एनआईटी से भी एक्सचेंज प्रोग्राम चले जा रहे है। गौरतलब है कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी में स्टूडेंट्स को इस तरह के स्टडी एक्सचेंज प्रोग्राम्स और एवं बडी इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग के साथ ग्रुम करने पर फोकस किया गया है, जिसके चलते संस्थाएं अब इस ओर विशेश फोकस कर रही है।



#### आईआईटी और यूओबी से स्टडी एक्सचेंज

शहर की कई यूनिवर्सिटी में बीटेक थर्ड और फोर्थ ईयर की पढाई यूके की सर्वाधिक एम्प्लायबिलिटी देने वाली यूनिवर्सिटी से कर सकते हैं। एक्सपर्ट बताए है कि शहर के संस्थानों के यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा, ओलिन समेत कई विश्वस्तरीय विदेशी यूनिवर्सिटीज के साथ टाई-अप है एवं हर साल बडी संख्या में स्टूडेंट्स को सेमेस्टर एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत वहां जाकर पढ़ने का मौका मिलता है। इसके साथ ही देश की आईआईटी गांधीनगर, ट्रिपलआईटी दिल्ली जैसी देश की कई नामचीन कॉलेजों के साथ एजुकेशन सेमेस्टर एक्सचेंज प्रोग्राम चलते हैं।

#### आस्ट्रेलिया से सेमेस्टर एक्सचेंज प्रोग्राम

शहर के शिक्शण संस्थानों से सेमेस्टर एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी जाते हैं। इसके अलावा आस्ट्रेलिया, यूके व यूएसए यूनिवर्सिटी के साथ शॉर्ट टर्म व समर प्रोग्राम्स के ए कॉलाब्रेशन भी शहर के शिक्षण संस्थानों के है। जिनमें स्टूडेंट्स को ग्लोबल एक्सपोजर मिल रहा है।

#### बड़े बी-स्कूल्स का एक्सपोजर

शहर के बिजनेस स्कूल और एमबीए संस्थान भी ग्लोबल एक्सपोजर दे रहे हैं। यहां के संस्थानों में पीजीडीबीएम के ग्लोबल इमर्जन और बिजनेस सिमुलेशन सरीखे स्टडीज के कोर्स प्रदेश में पहली बार लांच किए गए हैं। शहर के संस्थानों का आस्ट्रेलिया के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट, रोमानिया की बेनट्स यूनिवर्सिटी, टर्की के टोकेट गाजियोस्मानपासा यूनिवर्सिटी समेत विश्व की कई अन्य टॉप क्लास बी-स्कूल्स से टाई-अप है। यहां से बच्चों स्टडी एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत पढने जा सकेंगे।

#### नियमित रूप से इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग

एसकेआईटी कॉलेज के निदेशक जयपाल मील बताते हैं कि स्टूडेंट्स को थ्योरी और प्रेक्टिकल एक्सपोजर के लिए विभिन्न बडी इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग पर नियमित रूप भेजा जाता है। इसके साथ ही नियमित रूप से ग्लोबल लेवल पर नामचीन फैकल्टीज से विभिन्न टाई-अप के मध्यम से स्टूडेंट्स का इंटरेक्शन होता है। देश'-विदेश की कई ख्यातिप्राप्त शिक्शण संस्थाओं के एक्सपर्ट्स से विभिन्न एक्सचेंज प्रोग्राम्स के अंतर्गत स्टूडेंट्स को समय-समय पर विभिन्न वेबीनार एवं प्रोग्राम्स के माध्यम से एक्सपोजर मिलता है, जो कि उनके कॅरिअर में काफी महत्वपूर्ण साबित होता है।

#### एनईपी से स्टूडेंट्स को एक्सपोजर

शिक्षाविद् शिवी सक्सेना कहती है कि एनईपी में बच्चों को अपने पसंदीदा कोर्स करने का मौका मिलेगा। इसमें बच्चे एक साथ दो कोर्स भी कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त वे किसी भी साल किसी भी अन्य कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे जिसमें उनके क्रेडिट स्कोर ट्रांसफर हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 60 प्रतिशत मार्क्स प्रेक्टिकल एक्सपोजर एवं विभिन्न इंटर्नशिप पर आधारित है, ऐसे में बच्चों को काफी एक्सपोजर मिलता है।

### कक्षा 12वीं के कला वर्ग का परिणाम में उपलब्धि

## सरकारी स्कूल की छात्रा शर्मिला के 95.40% अंक

बेधड़क | जयपुर

बिलोंची क्षेत्र के महारकलां स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12 कला वर्ग की छात्रा शर्मीला सैनी 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रधानाचार्य अर्जुन लाल मीणा बताया कि शुरू से ही शर्मिला मेधावी छात्रा रही है। शत प्रतिशत परिणाम रहने पर सभी अध्यापकों को बधाई दी।





वरिष्ठ अध्यापक रामनिवास जाट ने बताया कि शर्मिला सैनी आगे भारतीय प्रसाशनिक सेवा में जाना चाहती है। शर्मिला ने निरंतर 8 घंटे से अधिक समय तक रेगुलर अध्ययन किया। विद्यालय से ही द्वितीय स्थान पर कविता सैनी ने 91.40 अंक प्राप्त किए है। विद्यालय से कुल 35 विधार्थियो में 28 प्रथम श्रेणी और 7 द्वितीय श्रेणी से पास हुए।

विद्यालय के अध्यापक ओमप्रकाश चौधरी, चंद्रकला जांगिड़, ओमप्रकाश पिंगोलियाँ, रूपनारायण माली, मनोज कुमार सिंगोदिया, कृष्ण कुमार वैष्णव, छीतर मल मीणा आदि ने विद्यार्थियो को बधाई दी है।

### शोधार्थियों के लिए है महत्वपूर्ण

## 'फिल्म्स, फैंटेसी एंड मल्टीवर्स' किताब का किया विमोचन



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने अंग्रेज़ी विभाग से प्रो. सुनीता अग्रवाल एवं डॉ. प्रीति चौधरी की ओर से संपादित पुस्तक 'फिल्म्स, फैंटसी एंड मल्टीवर्स' का विमोचन किया। प्रो. कटेजा ने संपादकों को बधाई देते हुए कहा कि अकादमिक समुदाय में ऐसे नवाचारों की अत्यधिक आवश्यकता है जिससे हम एकत्रित ज्ञान को संकलित कर साझा कर सकें। प्रो. सुनीता अग्रवाल, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग व पुस्तक संपादिका ने बताया कि बदलते परिप्रेक्ष्य में यह विषय सामयिक दृष्टि से बहुत ही प्रासंगिक है एवं यह किताब ना सिर्फ अंग्रेजी साहित्य वरन अंतरअनुशासनात्मक पाठकों के लिए भी बहुपयोगी साबित होगी। प्राचीन साहित्य से लेकर मॉडर्न लिटरेचर की विविधताओं को रेखांकित करती यह पुस्तक इस विषय के शोधार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. प्रीति चौधरी, सहायक आचार्य, अंग्रेज़ी विभाग एवं पुस्तक संपादिका ने बताया कि किताब में प्राचीन काल की माइथोलॉजीज से लेकर साई-फ़ाई, क्लाइ-फ़ाई जैसे विषयों पर भी लेख संकलित हैं जो की ईको-क्रिटिकल डिसकोर्स से लेकर मल्टीवर्सेज़ पर पोस्ट-स्ट्रक्चरलिस्ट विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं और शोध के लिए महत्वपूर्ण विषयों को उल्लेखित करते हैं। संपादकों ने बताया कि यह किताब साहित्य, मीडिया जैसे अन्य संकायों के लिए बेहद उपयोगी है व इन विषयों में अनुसंधान के नये आयामों को दिशा देगी।

### खोज एवं उत्खनन अधिकारी और संग्रहाध्यक्ष परीक्षा अब 19 जून को

बेधड़क | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के लिए खोज एवं उत्खनन अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा- 2023 एवं संग्रहाध्यक्ष प्रतियोगी परीक्षा -2023 का आयोजन 19 जून को किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि पूर्व में इन परीक्षाओं का आयोजन 16 जून को किया जाना निर्धारित किया गया था, किंतु संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवाएं (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 की पूर्व निर्धारित दिनांक 26 मई को संशोधित कर 16 जून को किया जाना निश्चित किया गया है। इसको ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा भी परीक्षा दिनांक में संशोधन किया गया है।

### गाइड लाइन | असुरक्षित विद्यालय भवनों को लेकर शासन सचिव के निर्देश

# खुले-जर्जर विद्यालय भवन में नहीं चले कक्षाएं: कुणाल

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में असुरक्षित/जर्जर विद्यालय भवन में संचालित राजकीय विद्यालयों एवं पेयजल/शौचालयों के संबंध में व्यवस्था सुधारने के लिए शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने मंगलवार को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए है। जिसमें विद्यालयों में व्यवस्थाएं सुधारने के लिए कई निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुसार सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भवन रहित राजकीय विद्यालयों के लिए संबंधित कलक्टर/राजस्व विभाग से तत्काल सम्पर्क कर विद्यालयों के लिए आवश्यक भूमि आंवटित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। यू-डाईस डाटा 2022-23 के अनुसार भवन रहित विद्यालयों की सूची समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही की जाए। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भूमि आवंटन के अभाव में जब तक विद्यालय भवन का निर्माण नहीं हो तब तक विद्यालय के लिए वैकल्पिक सुरक्षित भवन की व्यवस्था करावें। राज्य में कहीं भी खुले में, झोंपड़ी में, पेड़ के नीचे, असुरक्षित स्थान पर कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाए। साथ ही असुरक्षित/जर्जर विद्यालय भवनों को अध्यापन या अन्य किसी उपयोग में नहीं लिया जावे तथा छात्रों का प्रवेश वर्जित रखा जावे, ताकि किसी भी प्रकार के जान-माल की क्षति से बचा जा सके।



#### कम्पोजिट स्कूल ग्रान्ट या विद्यालय विकास कोष का हो उपयोग

विद्यालय में शौचालय साफ नहीं होने, नल टूटा होने, मग बाल्टी नहीं होने एवं मामूली टूट-फूट होने, शौचालय में पानी की सुविधा नहीं होने आदि के संबंध में शाला संबलन एप पर दर्ज शिकायतों का संबंधित संस्था प्रधान कम्पोजिट स्कूल ग्रान्ट, विद्यालय विकास कोष इत्यादि का उपयोग करते हुए निराकरण करें। साथ ही निरीक्षणकर्ता अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करावें।

#### विद्यालय भवन को जिला स्तरीय निष्पादन समिति करें जर्जर घोषित

शासन सचिव ने निर्देशित किया है कि जिला स्तरीय निष्पादन समिति द्वारा विद्यालय भवन को जर्जर घोषित करने की कार्यवाही अविलम्ब की जावे। संबधित संस्था प्रधान वर्षा से पूर्व छतों की सफाई, छतों के बन्द नालों की सफाई, बरसाती नालों के टूटे पाईपों की मरम्मत आदि का कार्य सुनिश्चित करें ताकि छतों पर पानी का भराव नहीं हो। संबंधित संस्था प्रधान विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था, शौचालयों में रनिंग वाटर की उपलब्धता, शौचालयों की नियमित साफ-सफाई तथा मरम्मत कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित करें।

# मतदान से मतदाता का मूड भांपना मुश्किल




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार


लोकसभा चुनाव के दौरान अब तक संपन्न हुए पांच चरणों के मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम ही रहा है। पांचवें चरण में भी मतदान का प्रतिशत 59.14 रहा। जबकि 2019 में यह प्रतिशत 62 रहा था। उत्तर प्रदेश जहां राम-मंदिर निर्माण के मुद्दे को लेकर भाजपा को उम्मीद थी कि यहां मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, लेकिन यहां की 14 लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव में 57.79 प्रतिशत मतदान रहा। वहीं 2019 में यह प्रतिशत 58.53 था, लेकिन खुशी की बात है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदान का प्रतिशत उम्मीद से कहीं ज्यादा रहा है। जम्मू-कश्मीर में 59 तो लद्दाख में 67.15 प्रतिशत रहा। इससे पता चलता है कि तीन दशक तक आतंक और अलगाववाद की गिरफ्त में रही इस घाटी में जनता ने धारा-370 के खात्मे को स्वीकार कर लिया है। पश्चिम बंगाल में पांचवें चरण में सबसे ज्यादा 73.14 तो महाराष्ट्र में सबसे कम 53.67 प्रतिशत मतदान रहा। साफ है, राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग के संयुक्त प्रयासों के बावजूद मतदान का न बढ़ना लोकतंत्र के लिए चिंताजनक पहलू है।

हालांकि अब तक हुए पांच चरणों में लगभग एक से दो प्रतिशत कम रहा मतदान कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं है। अतएव एकाएक यह नहीं कह सकते कि यह घटा हुआ मतदान राजग को सत्ता से बाहर कर देगा, बल्कि अभी तक जितना मतदान हुआ है, वह सत्तापक्ष का ही समर्थन करता दिख रहा है। खास तौर से पहले दो चरणों में कम मतदान का कारण मतदाता की मतदान से बेफिक्री भी रही थी। दरअसल, भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों के समर्थक मतदाता और कार्यकर्ता इस सोच में हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार का फिर से सत्ता में आना तय है। दूसरी तरफ कांग्रेस और आइएनडीआइए गठबंधन का मतदाता इसलिए निराश है, क्योंकि वह जानता है कि इस गठबंधन के पास न तो कोई केंद्रीय नेतृत्व है, न ही राष्ट्रीय दृष्टिकोण और न ही प्रचार के संसाधन, इसलिए इंडी गठबंधन राजग से मुकाबले में बहुत पीछे है।

> *शुरुआती दो चरणों के मतदान प्रतिशत के कम रहने पर तीसरे, चौथे और पांचों चरण के मतदाता ने यही सोचा कि यदि मैं अपना मत देने नहीं गया तो गांव के अकाल की तरह देश में स्पष्ट बहुमत वाली सत्ता का अकाल पड़ जाएगा। यह सोच भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने का एक कारण रहा। कुछ लोग यह सोचकर भी सिहर गए होंगे कि कहीं स्पष्ट बहुमत न मिलने पर खिचड़ी सरकार का दौर न लौट आए, जिसमें उलझकर भारत ने अपने महत्वपूर्ण दो-तीन दशक बर्बाद कर दिए। नतीजनतन, मतदाता घर से निकला और वोट प्रतिशत पहले दो चरणों की तुलना में बढ़ गया।*

यह सोचकर मतदाता मान बैठा है कि कांग्रेस या इंडी गठबंधन को वोट दे भी दिया जाए तो उससे इच्छित परिणाम निकलने वाला नहीं है। एक और कारण है, शुरुआती दो चरणों में हुए मतदान के दौरान बड़ी संख्या में विवाह हो रहे थे, इसलिए लोग बड़ी संख्या में अपने मतदान केंद्रों से दूर किसी शहर या गांव में थे, अतएव मतदान करने से वंचित रह गए। बावजूद इसके जिन सीटों पर मतदान कम रहा है, उसका प्रमुख कारण चुनाव का इकतरफा हो जाना भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अनेक बुनियादी मुद्दों का संवैधानिक निराकरण तो किया ही, देशव्यापी लोक-कल्याणकारी योजनाओं को भी कामयाबी के साथ जमीन पर उतारा। इनके असर के चलते अधिकांश सीटों पर इकतरफा मतदान का रुख देखने को मिल रहा है। यही रुख नरेन्द्र मोदी के संकल्प अर्थात 400 सीटें राजग की झोली में डालता दिखाई दे रहा है। मोदी ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35-ए के खात्मे के साथ देश में तीन तलाक कानून खत्म करने जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए। इसका परिणाम रहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान का प्रतिशत उछाल मार रहा है। 10 वर्ष पहले का कश्मीर देखते हुए यह एक चमत्कार ही है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी नरेन्द्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में ही खुला और राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक रीति से गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन के आमंत्रण को ठुकराकर कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया। इसी के बाद से मतदाता की मानसिकता भाजपा के पक्ष में और अधिक झुकी दिखाई दे रही है। नतीजतन, मतदाता इस भ्रम में उदासीन रहा कि भाजपा तो जीत ही जाएगी, अतएव मेरे एक वोट डालने से कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। इसी इकतरफा माहौल के चलते कुलीन मतदाता घरों से बाहर नहीं निकला।

दो चरणों में मतदान कम रहने से मोदी समर्थक मतदाता सचेत हो गया। एक बड़े वर्ग को लगा कि यदि वह मतदान करने घर से नहीं निकला, तो कम प्रतिशत कहीं मोदी सरकार को सत्ता में लौटने में परेशानी न पैदा कर दे? मतदान के शेष अगले चरणों में यदि मतदान 70 से 75 फीसदी से ऊपर पहुंचता है, तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत रहेगी। यह वजह कालांतर में अल्पसंख्यक समुदायों व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से मुक्ति दिलाएगी।

इस तरह मतदान का घटा या बढ़ा हुआ प्रतिशत न तो नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रति एंटी इन्कमबेंसी का इशारा है और ना ही कांग्रेस या इंडी गठबंधन के प्रति बढ़ती उम्मीद का कोई कारण है? यह विशुद्ध रूप से मतदाता की मनःस्थिति से उपजा प्रतिशत है, जो हर चरण के साथ बदलता गया है। शुरुआत में मतदाता जब बेफिक्र रहा, तो मतदान प्रतिशत कम रहा, किंतु जब वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकल गया तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहूति देकर ही लौटा। भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है कि अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक या परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के नतीजे शत-प्रतिशत खरे नहीं उतरते हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## कुनमिंग-मॉन्ट्रियाल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क अपनाने पर जोर

# जैव विविधता को संरक्षण की जरूरत




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार



> *जलीय जीवों के नष्ट होने का एक अन्य कारण फफूंद संक्रमण और औद्योगिक इकाइयों का प्रदूषण भी है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं, विभिन्न प्रकार के रोग, जीवों की प्रजनन क्षमता में कमी भी एक प्रमुख कारण हैं। इन्हीं कारणों की वजह से यूरोप के समुद्र में ह्वेल और डॉल्फिन जैसे भारी-भरकम जीव तेजी से खत्म हो रहे हैं। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक भेड़ बकरियों जैसे जानवरों के उपचार में दिए जा रहे खतरनाक दवाओं के कारण भी पिछले 20 सालों में दक्षिण-पूर्व एशिया में गिद्धों की संख्या में कमी आई है।*

याद होगा कि गत वर्ष पहले कनाडा के मॉन्ट्रियाल में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (सीओपी 15) में सदस्य देशों ने जैव प्रजातियों के तेज और स्थिर नुकसान को रोकने के लिए एक नए ढांचे पर सहमति जताई थी। यह सम्मेलन इस मायने में महत्वपूर्ण था कि भारत समेत सभी 196 देशों ने पारिस्थितिकी तंत्र को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए एक नए लक्ष्य की जरुरत पर बल दिया था। इसे ध्यान में रखते हुए ही इस सम्मेलन में कुनमिंग-मॉन्ट्रियाल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क को अपनाने की बात कही गई जो कि 2050 के लिए 4 और 2030 के लिए 23 लक्ष्यों को निर्धारित करता है। 2030 के इन लक्ष्यों में निम्नीकृत क्षेत्रों के लिए सुरक्षा, जैव संरक्षण के लिए संसाधनों की उपलब्धता, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और समुद्र के अम्लीकरण को कम करना, आक्रामक विदेशी प्रजातियों कें प्रसार को कम करना और जैव विविधता समर्थक विविधयों को अपनाना इत्यादि प्रमुख है।

इसी तरह 2050 के लिए जिन चार लक्ष्यों को निर्धारित किया गया उनमें विलुप्त होने वाले पारिस्थितिकी तंत्र की अखंडता और स्वास्थ्य को बनाए रखने के साथ जैव विविधता द्वारा प्रदान की जाने वाली पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को मापना व मूल्यांकन करना इत्यादि पर जोर दिया गया। भारत ने इस सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया था कि विकासशील देशों को जैवविविधता को हुए नुकसान को रोकने के लिए 2020 के बाद की वैश्विक रुपरेखा को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए एक नया समर्पित कोष बनाया जाए। भारत ने तर्क रखा कि जैव विविधता का संरक्षण साझा, लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं पर आधारित होना चाहिए। इस सम्मेलन में सदस्य देशों ने वर्ष 2030 तक पृथ्वी के 30 फीसदी हिस्से को प्रकृति के लिए संरक्षित करने की हामी के साथ दुनिया भर में दी जा रही उन सब्सिडी में सालाना 500 अरब डॉलर कमी लाने पर भी सहमति जताई जो पर्यावरण के लिहाज से बेहद नुकसानदेह है। ध्यान दें तो मौजूदा समय में सिर्फ 17 फीसद हिस्सा ही प्रकृति के लिए संरक्षित है। ऐसे में सात वर्षों के दरम्यान 30 फीसद हिस्सा प्रकृति के लिए संरक्षित करना बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को साधने के लिए सभी देशों को अपनी-अपनी नीतियों और विकास संबंधी परियोजनाओं में आमुलचूल परिवर्तन लाने होंगे जो कि ऐसा होता नहीं दिख रहा है। विकसित देशों के लिए तो यह आसान है लेकिन विकासशील देशों को इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई समस्याओं से जूझना होगा। मसलन उन्हें अपनी प्रकृति आधारित विकास परियोजनाओं पर ब्रेक लगाना होगा। इसके लिए वे फंड की डिमांड की बात करते हैं। सवाल लाजिमी है कि यह फंड कहां से आएगा। फिलहाल संयुक्त राष्ट्र के जैव विविधता वित्तीय कोष के तहत कुछ रकम इकठ्ठा किया जा सकता है, लेकिन यह रकम ऊंट के मुंह में जीरा साबित होगा। विकासशील और गरीब देशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण की है। एक अरसे से सभी देशों द्वारा कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण का संकल्प व्यक्त किया जाता रहा है। लेकिन सच्चाई है कि इस मसले पर कभी भी गंभीरता नहीं दिखाई गई। दरअसल विकास को लेकर सभी देशों की अपनी-अपनी प्राथमिकताएं और अपेक्षाएं हैं। नतीजा सामने है।

अभी गत वर्ष ही वर्ल्ड वाइल्ड फंड एवं लंदन की जूओलॉजिकल सोसायटी की रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि दुनिया भर में हो रही जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले चार दशकों में वन्य जीवों की संख्या में भारी कमी आई है। इस रिपोर्ट में 1970 से 2012 तक वन्य जीवों की संख्या में 58 प्रतिशत की कमी बताई गई। जलीय जीवों के अवैध शिकार के कारण 300 प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। वैज्ञानिकों का निष्कर्ष है कि पेड़ों की अंधाधुध कटाई और जलवायु में हो रहे बदलाव के कारण कई जीव जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो सकती हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिर जैव विविधता और पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं पर उसका नकारात्मक असर पड़ना तय है। अगर जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आने वाले वर्षों में धरती से जीवों का अस्तित्व मिटना तय है। इसलिए कि धरती के साथ मानव का निष्ठुर व्यवहार बढ़ता जा रहा है जो कि जीवों के अस्तित्व के प्रतिकूल है। वैज्ञानिकों का कहना है कि 12000 वर्ष पहले हिमयुग के खत्म होने के बाद होलोसीन युग शुरू हुआ था। इस युग में धरती पर मानव सभ्यता ने जन्म लिया। इसमें मौसम चक्र स्थिर था इसलिए स्थलीय और जलीय जीव पनप सके, लेकिन बीसवीं सदी के मध्य से जिस तरह परमाणु उर्जा के प्रयोग का दौर शुरु हुआ है और बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई हो रही है, उससे होलोसीन युग की समाप्ति का अंदेशा बढ़ गया है। उसी का असर है कि आज वन्य जीवों को अस्तित्व के संकट से गुजरना पड़ रहा है। वन्य जीवों के वैश्विक परिदृश्य पर नजर डालें तो पृथ्वी के समस्त जीवधारियों में से ज्ञात एवं वर्णित जातियों की संख्या लगभग 18 लाख है। लेकिन यह संख्या वास्तविक संख्या के तकरीबन 15 फीसद से कम है। जहां तक भारत का सवाल है तो यहां विभिन्न प्रकार के जीव बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। जीवों की लगभग 75 हजार प्रजातियां पाई जाती है। भारत में जीवों के संरक्षण के लिए कई कानून बने हैं, लेकिन इसके बावजूद भी जीवों का संहार जारी है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों विनाश किया है, जिससे एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। इसी तरह जीवों की संख्या में भी 50 फीसद की कमी आई है। इंसानी लालच की शिकार कई जीव अब विलुप्ति के कगार पर हैं। उदाहरण के लिए आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या तेजी से घट रही है। आर्कटिक लोमड़ियां जो माइनस 70 डिग्री सेंटीग्रेड से कम तापमान में भी अपने विशेष गर्म फर के कारण प्रसिद्ध हैं, का शिकार कर मोटा धन कमाया जा रहा है। इसी तरह आसमान में अपने करतबों के लिए चर्चित पक्षी हेन हैरियर का बड़े पैमाने पर शिकार हो रहा है। पिछले एक दशक में अफ्रीका में 1.11 लाख हाथियां इंसनी क्रुरता का शिकार बनी। गौर करें तो वन्य जीवन पर खतरे के महत्वूर्ण कारणों में 71.8 प्रतिशत शिकार, 34.7 प्रतिशत बढ़ता शहरीकरण, 19.4 प्रतिशत ग्लोबल वार्मिंग, 21.9 प्रतिशत प्रदूषण और 62.2 प्रतिशत खेत बनते जंगल मुख्य रुप से जिम्मेदार हैं। अभी गत वर्ष ही नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया कि आगामी वर्षों में जीवों की कुल प्रजातियों में से 75 प्रतिशत विलुप्त हो सकती हैं। यह शोध गत वर्ष प्रासीडिंग्स ऑफ द नेशलन एकेडमी ऑफ साइंसेज नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ। इन आंकड़ों के मुताबिक पिछले सौ वर्षों में धरती से 200 वर्टीबेट जीवों की प्रजातियां विलुप्त हुई है, जबकि इतनी प्रजातियों की विलुप्ति दस हजार वर्षों में होनी चाहिए थी। शोध के नतीजे बताते हैं कि अब तक पृथ्वी पर जितने जीव हुए उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लुप्त हो चुके हैं। इनकी संख्या अरबों में है। ऐसे में उचित होगा कि दुनिया के सभी देश कुनमिंग-मॉन्ट्रियाल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क को मूर्त रूप देने के लिए ठोस पहल करें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**



**व्यंग्य**

# नेतागिरी में विद्यार्थी जीवन की शिक्षा का उपयोग

***काक चेष्टा बको ध्यानम, श्वान निंद्रा तथैव च।***
***अल्पहारी गृह त्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षणम।***




सुरेश रायकवार
व्यंग्यकार


हमारे शास्त्रों में उल्लेखित उपरोक्त संस्कृत श्लोक के अनुसार एक होनहार आदर्श विद्यार्थी में उक्त पांच गुण होना चाहिए, किंतु विद्यार्थी जीवन में तो बहुत कम ही छात्र ऐसे मिलेंगे जो यह श्लोक कभी पढ़ते भी होंगे। काक चेष्टा अर्थात कौए की तरह प्रयास करना, आपने कौए की वो कहानी तो जरुर सुनी होगी जिसमें वह प्यास बुझाने के लिए विभिन्न प्रयास करता है। बिल्कुल वैसे ही वोट के लिए हमारे नेता भी क्या क्या नहीं करते हैं, कभी मंदिर जाते हैं, कभी मस्जिद जाते हैं कभी किसी गरीब के मैले-कुचैले बच्चे को उठाते हैं तो कभी उसकी झोपड़ी में जबरन भोजन करते हैं। हालांकि ये पुराने हथकंडे हो गए हैं, इसीलिए एक नेताजी आजकल कभी कुली, कभी किसान तो कभी कंडक्टर और मैकेनिक भी बनकर वोटर को लुभाने की काक चेष्टा कर रहे हैं।

देश के नेतागण पंचायत से लेकर नगर निगम और विधानसभा से लेकर संसद तक में ही नहीं, बल्कि टीवी बहस हो या आम सभा में भी एक-दूसरे की बात सुनने की बजाय केवल कांव कांव करते सुनाई देते हैं। यह कांव कांव बहस करने की कला नेताओं ने हमारे कौए महाराज से ही तो सीखी है। इसी प्रकार जैसे कौआ कभी इस डाली कभी उस डाली पर बैठता है, वैसे ही हमारे नेता भी कभी इस पार्टी की टहनी पर तो कभी उस पार्टी की शाखा पर आते जाते रहते हैं। कौए का जैसे घर की छत पर बैठने को घर में मेहमान आने का संकेत माना जाता है, वैसे ही यदि किसी के घर नेता आकर बैठ जाए तो उसके अमचे-चमचे, पठ्ठे आदि सबकी आपके घर आने की सम्भावना बढ़ जाती है। कौओं के बारे में एक खास बात और कही जाती है कि शयाने कोए मैले पर ही बैठते हैं, वैसे ही शयाने नेता के साथ भी यही होता है।

श्लोक में वर्णित दूसरे पक्षी बगुले से भी ये नेतागण ध्यान का पाठ पढ़ते हैं और इसीलिए उनका पूरा ध्यान केवल कुर्सी पर ही लगा रहता है। बगुला-भक्ति में तो ये लोग इतने पारंगत हो जाते हैं कि चुनाव के बाद पूरे पांच साल अपना चुनाव क्षेत्र और जनता का ध्यान ही नहीं आता है। बगुले की तरह ही सफेद दिखने के लिए नेतागण सफेद झक कुर्ता पाजामा पहनते हैं, अंदर से भले ही मन कितना ही काला क्यों ना हो।

हमारे नेताओं की नींद बिल्कुल श्वान जैसी होती है, थोड़ी-सी चुनाव की आहट मिली नहीं कि उठते ही श्वान की तरह विपक्षियों पर शब्द-प्रहार करना शुरू कर देते हैं। ये बात अलग है कि चुनाव में जीतने के बाद समस्याएं भले ही सुरसा की तरह अपना मुख फाड़े खड़ी रहे किंतु ये नेता प्रायः कुम्भकरण की तरह ही सोते रहते हैं।

अल्पहारी तो इतने होते हैं कि अन्न तो खाना ही छोड़ देते हैं, केवल फल या रिश्वत ही खाते हैं, तभी तो ईडी के छापो में नोटों के ढेर निकलते हैं। पीने के लिए भी केवल फ्रूट-जूस और महंगा वाला अंग्रेजी जौ-का-पानी (शराब) ही पीते हैं।

एक बार दयारामजी अपने नेता मित्र के यहां भोजन पर गए। नेताजी ने बताया कि उन्होंने आजकल अन्न का त्याग कर दिया है। दयारामजी अपने मित्र के इस निर्णय से अत्यंत प्रभावित हुए किंतु जैसे ही थाली आई तो उनकी थाली में नॉनवेज देखकर दंग रह गए। पूछने पर मित्र बोले अन्न का त्याग किया है नॉनवेज का नही। नेताजी के अल्पहारी होने का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है भला। देश के नेता गृह त्यागी तो ऐसे होते हैं कि घर परिवार को भूलकर केवल सुंदरियों के साथ रहना पसंद करते हैं। कभी-कभी इनके इन गृह त्याग की पोल खुल भी जाती है, जैसे अभी कर्नाटका और पश्चिम बंगाल में खुली है।

इसके अतिरिक्त भी और कई पशु-पक्षी हैं, जिनसे ये नेता प्रेरणा लेते रहते हैं, जैसे गिरगिट से रंग बदलने की प्रेरणा। कई नेताओं ने तो रंग बदलने की कला में गिरगिट को भी पीछे छोड़ दिया है। कई नेता लोमड़ी जैसे चालाक भी मिल जाएंगे, किंतु कोई गौ-माता से उसके सीधेपन और निःस्वार्थ सेवाभाव की प्रेरणा ले, ऐसा नेता तो पूरे देश में चिराग लेकर ढूंढने पर भी मिलना मुश्किल ही नहीं असंभव है।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
यूपी के फर्स्ट टाइम वोटर को यह समझना जरूरी है कि परिवारवादी पार्टियों की सरकार में कानून-व्यवस्था को कैसे माफिया ने अपनी मुट्ठी में ले रखा था!



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
जब प्रधानमंत्री खुद को शहंशाह और दरबारी उन्हें भगवान समझने लगें तो मतलब साफ है कि पाप की लंका का पतन नज़दीक है। करोड़ों लोगों की आस्था को चोट पहुंचाने का अधिकार मुट्ठी भर भाजपा के लोगों को आखिर किसने दिया? यह अहंकार ही उनके विनाश का कारण बन रहा है।

## नॉलेज कॉर्नर: कई एप्स देते हैं ट्रेन संबंधी अच्छी जानकारी

# एप्स बढ़ाएंगे रेल के सफर का मजा दोगुना

आपने ट्रेन का सफर जरूर किया होगा। ट्रेन सफर हमेशा यादगार रहता है। लेकिन कई बार इस सफर में कोई समस्या हो जाए तो यह जेहन में कैद हो जाती है। इसमें चाहे ट्रेन लेट आने की हो तो या कोई ओर। इससे अक्सर मूड ऑफ हो जाता है। ऐसे में रेल यात्रा में ट्रेन संबंधी सही जानकारी देने के लिए कुछ एप्स भी हैं, जो आपको आपकी ट्रेन का लाइव रनिंग स्टेटस तो बताएंगे ही, साथ ही इन ऐप्स की ऐक्युरेसी भी कमाल की है। लाइव स्टेटस के अलावा ये ऐप पीएनआर स्टेटस और ट्रेन के अराइवल प्लेटफॉर्म की भी जानकारी देते हैं। इस संबंध में विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट ऐप

यह इंडियन रेलवे कैटरिंग और टूरिज्म कॉर्पोरेशन का ऑफिशियल ऐप है। इस ऐप के जरिए यूज़र ट्रेन का लाइव स्टेटस चेक कर सकते हैं। इसके अलावा यह ऐप ट्रेन टिकट बुक करने की भी सुविधा देता है।

**एनटीईएस:** इस ऐप को सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम (CRIS) ने डवलप किया है। यह ऐप ट्रेन टाइमिंग्स की डीटेल देता है। साथ ही इसमें आप ट्रेन के रियल-टाइम स्टेटस को भी चेक कर सकते हैं। इसके अलावा यह ऐप आपको ट्रेन के प्लैटफॉर्म नंबर की भी जानकारी देता है।



### कंफर्म टीकेटी

इस ऐप को पीएनआर स्टेटस के लिए काफी यूज़ किया जाता है। यह ट्रेन में सीट उपलब्ध न होने पर ब्रेक जर्नी में उपलब्ध कन्फर्म टिकट की जानकारी देता है। इसमें ट्रेन का रूट थोड़ा अलग जरूर हो सकता है। खास बात है कि इस ऐप में आपको लाइव ट्रेन स्टेटस भी देखने को मिलेगा।

ट्रेनमैन: ऐक्युरेट लाइव ट्रेन स्टेटस के लिए आप इस ऐप पर भरोसा कर सकते हैं। यह ऐप यह भी बताता है कि वेटिंग लिस्ट टिकट के कन्फर्म होने की कितनी संभावना है। यह ऐप आपकी रेल यात्रा के लिए बड़े काम का है।

### रेल यात्री ऐप

*ट्रेन से जुड़ी जानकारियों के लिए यह एक मल्टीफंक्शनल ऐप है। इस ऐप से आप ट्रेन के लाइव स्टेटस को चेक कर सकते हैं। साथ ही यह ऐप सीट अवेलेबिलिटी और पीएनआर स्टेटस अपडेट भी देता है। इसके अलावा इस ऐप की मदद से बस बुकिंग और ट्रेन में खाना भी डिलिवर कराया जा सकता है।*

*कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर*

### चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का दावा: बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में जन सुराज की होगी जीत, लोस चुनाव पर बोले...

# भाजपा सरकार के प्रति खास नाराजगी नहीं, राजग की वापसी होगी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों में जीत के भाजपा और विपक्षी गठबंधन इंडिया के दावों के बीच जन सुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा है कि इस बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने यह भी दावा किया है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में जन सुराज की जीत होगी।



मीडिया रिपोर्टों के अनुसार प्रशांत किशोर ने बताया कि, हमें बुनियादी बातों पर ध्यान देना चाहिए। अगर मौजूदा सरकार और उसके नेता के खिलाफ गुस्सा है, तो संभावना है कि चाहे कोई विकल्प हो, लोग उन्हें वोट देने का फैसला कर सकते हैं। अब तक, हमने ऐसा नहीं सुना है कि मोदीजी के खिलाफ व्यापक जनाक्रोश है।

निराशा, अधूरी आकांक्षाएं हो सकती हैं, लेकिन हमने व्यापक आक्रोश के बारे में नहीं सुना है। उन्होने कहा, केंद्र मौजूदा सरकार के खिलाफ बेहद ज्यादा नाराजगी न होना और कोई बेहतर विकल्प का नहीं होने के कारण मुझे नहीं लगता कि कोई अमूलचूल परिवर्तन चुनावों के परिणामों में देखने को मिलेगा।

इस चुनाव में ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, तमिलनाडु और केरल इन राज्यों में जितनी सीटें भाजपा के पास हैं, उससे 15-20 सीटें बढ़कर आएंगी। इन राज्यों में भाजपा का वोट शेयर भी बढ़ेगा। यानी आज जो राजग की स्थिति है, उससे बेहतर ही स्थिति बन सकती है, सीटें कम होने की संभावना बहुत दिखाई देती है।

### 400 पार का नारा देकर फंसाया

प्रशांत किशोर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि दरअसल, भाजपा ने 400 पार का नारा देकर विपक्षी दलों को फंसाया है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नजरिए से केंद्र में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। जिस किसी दल या गठबंधन को 272 सीटें आएंगी, वो सरकार बनाएगा। मान लीजिए कि कल भाजपा को 272 या 275 सीटें मिलती हैं, तो ऐसा नहीं हो सकता कि भाजपा के नेता कहेंगे कि हमने 400 सीटों का दावा किया था, वो आया नहीं, इसलिए हम सरकार नहीं बनाएंगे। दरअसल, भाजपा और पीएम मोदी ने टारगेट 272 से शिफ्ट करके 370 कर दिया है। इसलिए सारी चर्चा इस पर ही हो रहा है कि भाजपा को 370 सीटें आ रही हैं या नहीं?

### लगभग पिछली बार जितनी सीटें मिल सकती हैं

यह पूछे जाने पर कि देश में इस बार किसकी सरकार पर प्रशांत किशोर ने कहा, मेरा मानना है कि आप किसी भी तरह से चुनाव का आकलन कर लें, ऐसा लग रहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की वापसी देश में होने जा रही है। आंकड़ों को लेकर चर्चा हो सकती है, मतभिन्नता हो सकती है, लेकिन मोटे तौर पर करीब-करीब ये बात दिख रही है इस समय जो सरकार है, उसे पिछले लोकसभा में जिस तरह के नंबर मिले, लगभग उन्हीं नंबर या उससे थोड़े बेहतर नंबर के साथ सरकार वापसी कर सकती है। बता दें कि भाजपा को 2019 में 303 सीटें मिली थीं।

---

### BJP प्रत्याशी 24 घंटे नहीं कर सकेंगे प्रचार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में चुनाव आयोग ने भाजपा उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की कड़ी निंदा की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार पर 21 मई को शाम के पांच बजे से लेकर अगले 24 घंटे तक चुनाव प्रचार पर रोक लगाई है। आयोग ने भाजपा नेता को आदर्श आचार संहिता के तहत अपने सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की भी चेतावनी दी है। दरअसल, हल्दिया में 15 मई को एक सार्वजनिक बैठक में गंगोपाध्याय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। टीएमसी ने चुनाव आयोग को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी।

### महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़ नहीं करे भाजपा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि वह संदेशखाली में महिलाओं की दुर्दशा से दुखी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को संदेशखाली की महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। ममता ने बशीरहाट में एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। दरअसल पीएम मोदी ने संदेशखाली की पीड़िता और भाजपा नेता रेखा पात्रा से फोन पर बात की थी। ममता ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड खराब रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ जो कुछ भी हुआ, उससे मैं दुखी हूं। किसी को भी महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़ करने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए। अगर वीडियो सामने नहीं आते तो लोग भाजपा की साजिश को कभी समझ ही नहीं पाते।

### मोदी की यूपी-बिहार में चुनाव सभाएं, वाराणसी में महिलाओं से संवाद

# 4 जून के बाद आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाएंगे: पीएम मोदी

**एजेंसी** | वाराणसी/ पटना

लोकसभा चुनाव के पांच चरणों का मतदान पूरा हो गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और बिहार में चुनाव प्रचार पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है। इन दोनों राज्यों में उन्होंने मंगलवार को रैलियों को संबोधित किया। बिहार के पूर्वी चंपारण के मोतीहारी और महाराजगंज में चुनाव सभाओं को संबोधित करते के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में रैली को संबोधित किया और फिर शाम को वाराणसी में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में 25 हजार से ज्यादा महिलाओं से सीधा संवाद किया। पीएम मोदी ने कहा, मां गंगा ही अब हमारी माता है। उन्होंने महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान बढ़ाने की अपील की। विपक्ष पर बरसे हुए पीएम मोदी ने कहा, इंडिया गठबंधन के नेता कहते हैं शक्ति का विनाश करेंगे।




### अब एक्सप्रेस वे और डिजिटल इंडिया से होती है भारत पहचान

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत तेजी से बदल रहा है। विश्व पटल पर भारत की पहचान अब एक्सप्रेस वे से होती है. इंफ्रास्ट्रक्चर से होती है। भारत की डिजिटल टैक्नोलॉजी लेने के लिए विदेशी भी लालायित हैं। भारत आज भारत दुनिया में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। यहां की टी-ट्वेंटी से दुनिया हैरान।

चार जून के बाद मोदी आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगा। केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए पीएम मोदी ने कहा, महिलाओं को अब दर्द सहन नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल का खर्चा सरकार उठाएगी। 70 साल के जो भी बुजुर्ग होंगे अब उनके खर्चे की जिम्मेदारी भी मोदी करेगा। आप अपना आयुष्मान कार्ड बनवाइए बाकी सब मोदी पर छोड़ दीजिए। मोदी ने कुछ दिन पहले ही पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना शुरू की है।

पीएम मोदी ने महिलाओं से बातचीत करते कहा, जब घर आपके बिना नहीं चलता तो देश कैसे चल जाता है। ये बात 60 वर्षों तक सरकारों को समझ ही नहीं आई। कांग्रेस सपा की सरकारों में महिलाओं के साथ केवल उपेक्षा होती थी। इंडिया गठबंधन की मानसिकता ही महिला विरोधी है। ये महिलाओं को आरक्षण का विरोध करते हैं। जहां इनकी सरकार आती है, महिलाओं का जीना दूभर हो जाता है। बनारस के लोग तो यूपी-बिहार दोनों में रहे। जंगलराज से परिचित हैं। बहन-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था। बेटियों को सुरक्षा के डर से पढ़ाई छोड़कर घर पर बैठना पड़ता था।

### सपा व कांग्रेस का सुशासन व हमारी आस्था से छत्तीस का आंकड़ा

पीएम मोदी ने मंगलवार को प्रयागराज में परेड ग्राउंड में इलाहाबाद से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सपा शासन काल में इलाहाबाद में दिन दहाड़े गोली और बम चलते थे। व्यापारी असुरक्षित महसूस करते थे। आज भाजपा सरकार माफिया के महलों को ढहाकर वहां गरीबों के लिए मकान बनवा रही है। उन्होंने कहा कि सपा शासन काल में जाति देखकर नौकरी मिलती थी। यूपीपीएससी का नाम बदलकर परिवार सर्विस कमीशन रख दिया गया था। सपा-कांग्रेस सरकार में प्रयागराज के साथ काफी भेदभाव किया गया था। वोट बैंक के लालच में यह लोग कुंभ की व्यवस्था ठीक तरीके से नहीं करते थे।

### पांचवें चरण में, 62.07% ने किया मतदान

लोकसभा चुनाव के चरण की 49 सीटों पर 62.07 फीसदी मतदान हुआ। यह जानकारी निर्वाचन आयोग की तरफ से वोटर टर्नआउट मोबाइल एप पर जारी आधिकारिक आंकड़े में दी गई है। हालांकि, इस आंकड़े में बदलाव संभव है। 2019 में इन 49 सीटों पर 62.01 फीसदी मतदान हुआ था। अब तक के चुनावों में मत प्रतिशत चर्चा का बड़ा विषय रहा है। विपक्ष ने चुनाव आयोग पर देरी से वोटिंग के आंकड़े देने का आरोप लगाया जिसका आयोग ने खंडन किया है।

## सनातन विरोधी सोच के साथ खड़ा है विपक्षी गठबंधन: मोदी

**एजेंसी** | पटना।

बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मोतिहारी और फिर महाराजगंज में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने विपक्षी गठबंधन खास तौर पर राजद और कांग्रेस पर तीखे हमले किए।

पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली में उन्होंने आरोप लगाया कि बाबासाहब भीमराव अंबेडकर नहीं होते तो पंडित जवाहरलाल नेहरू अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को आरक्षण नहीं मिलने देते।




प्रधानमंत्री ने यह आरोप भी लगाया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति और सनातन विरोधी सोच के साथ खड़ा है और चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के साथ ही इन सभी को बड़ा झटका लगेगा। बिहार के पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन पहले चरण में पस्त, फिर ध्वस्त और पांचवें चरण में पूरी तरह परास्त हो गए। पीए मोदी ने आरोप लगाया कि पंडित नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक इस परिवार के जितने प्रधानमंत्री हुए, सबने ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास एक ही वोट बैंक आज बचा है और वे उसे खुश करने के लिए एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण धर्म के आधार पर आपसे छीनकर 'वोट जिहाद' वालों को देना चाहते हैं। संविधान इसकी इजाजत नहीं देता इसलिए ये संविधान बदलना चाहते हैं।

इंडी अलायंस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इनमें तीन समानताएं साफ नजर आती हैं। इंडी अलायंस वाले शत प्रतिशत सांप्रदायिक हैं, शत प्रतिशत जातिवादी है और शत प्रतिशत परिवारवादी हैं। ऐसे लोग देश बांट सकते हैं, देश को आगे नहीं ले जा सकते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार टुकड़े-टुकड़े गैंग को पाल-पोस रहा है। आपने कांग्रेस को यहां से साफ कर दिया। इसलिए ये लोग आपसे बदला ले रहे हैं। भगवान राम का विरोध करते हैं। अयोध्या में राम मंदिर बना आपका गौरव बढ़ा।

### अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह की घोषणा

# सत्ता में आए तो रद्द कर देंगे जल बंटवारा समझौता

**एजेंसी** | चंडीगढ़

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने मंगलवार को घोषणा की कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो पड़ोसी राज्यों के साथ नदी जल बंटवारा समझौता को समाप्त कर देगी। बादल ने फरीदकोट, निहाल सिंह वाला, धर्मकोट और मोगा में चुनाव रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान का गैर रिपेरियन राज्य होने के कारण पंजाब के नदी जल पर कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा, पंजाब के कुल 16 एमएएफ पानी का आधा हिस्सा 1955 में कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को सौंप दिया था। इससे मालवा बेल्ट को भारी नुकसान हुआ है। आज कई जगहों पर पानी का स्तर 1500 फीट से भी नीचे चला गया है, यहां तक कि जमीन का पानी खेती के लायक भी नहीं बचा है। एक बार अकाली दल सरकार बनने पर हम उस राज्य के साथ सभी समझौतों को रद्द करके राजस्थान में पानी के बहाव को रोक देंगे और इस पानी को अपने खेतों की ओर मोड़ देंगे। बादल ने पंजाबियों से सतलुज यमुना लिंक नहर के माध्यम से राज्य के शेष पानी का आधा हिस्सा



हरियाणा को देने की साजिश को सिरे से खारिज करने की अपील की। उन्होंने कहा, भले ही पंजाब के पास अपने क्षेत्र की नदियों के पानी पर पूरा अधिकार है, फिर भी नहर सिंचाई के कमांड क्षेत्रों का सर्वेक्षण करके और उसे उच्चतम न्यायालय में जमा करके राज्य का पानी हरियाणा को सौंपने की साजिश रची गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नहर पटवारियों और राजस्व कर्मचारियों को फर्जी सर्वेक्षण के बाद रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया कि पंजाब में 100 फीसदी खेतों को नहर का पानी मिल रहा है, हालांकि यह आंकड़ा केवल 23 फीसदी है। बादल ने कहा,यह आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर किया जा रहा है, जिन्होंने पहले ही हरियाणा और दिल्ली के लोगों से एसवाईएल नहर का पानी देने का वादा किया है।

## इस बार विफल होगा BJP का गणित: अखिलेश

**एजेंसी** | आजमगढ़

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में सिर्फ एक सीट पर भाजपा लड़ाई में है, बाकी सीट पर जनता उनका सफाया कर देगी। सपा प्रमुख यादव ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के उम्मीदवार दरोगा प्रसाद सरोज के समर्थन



में आयोजित एक चुनावी रैली में कहा, इस बार भाजपा के लोगों ने जो अंकगणित बनाया है, उसे विफल करने का मन उत्तर प्रदेश की जनता ने बना लिया है।

### पुलिस को करना पड़ा बल प्रयोग

यादव के सभा में पहुंचने के बाद भीड़ मंच के पास पहुंचने की कोशिश करने लगी जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। चैनलों पर प्रसारित वीडियो में पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज कर रही है और भीड़ खुद को बचाने के लिए भाग रही है।

---

### कांग्रेस अध्यक्ष राजस्थान समेत कई राज्यों में अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त

# विपक्षी गठबंधन के प्रति अंडरकरंट, हम BJP को रोक देंगे: खरगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में हमारा प्रदर्शन अच्छा होगा और भाजपा कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना टॉप लेवल पा लिया है और अब उन्हें नीचे ही आना है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी और विपक्षी गठबंधन के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया में काफी बदलाव आया है और गठबंधन के पक्ष में 'शांत लहर' (अंडरकरंट) चल रही है जो लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत हासिल करने से रोकने में सफल रहेगा। उन्होंने कहा कि लोग अब उनके समर्थन में और उस भारतीय जनता



पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा के खिलाफ लड़ रहे हैं जो समाज में 'नफरत और विभाजन' फैलाते हैं। लोगों को लगता है कि यह लड़ाई अब लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है और वे उनकी पार्टी को समर्थन दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार खरगे ने कहा कि हमने राजस्थान में अच्छा प्रदर्शन किया। इस बार हम जीरो नहीं लाएंगे। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी हम अच्छा करेंगे। पिछली बार महाराष्ट्र में हम सिर्फ एक ही सीट जीत सके थे, लेकिन इस बार महाविकास अघाड़ी का प्रदर्शन अच्छा है। हमें लगता है कि कम से कम 30 सीटें जीत जाएंगे। भाजपा के नंबर घट रहे हैं। लेकिन हमने जहां तक खो दिया था, उससे आगे बढ़ रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि विपक्षी गठबंधन कितनी सीटें पा जाएगा, खरगे ने कोई आंकड़ा नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हम भाजपा को सरकार बनाने से रोक देंगे।

### अपनी सुविधा के हिसाब से बदल गए नीतीश

खरगे ने कहा कि नीतीश कुमार ने ही लोगों को अपने घर बुलाया था और विपक्षी गठबंधन पर बात की थी। इसके बाद फिर अपनी सुविधा के हिसाब से बदल गए। हमें कोई चिंता नहीं है। हमारे लिए वे अहम हैं, जो विचारधारा को लेकर प्रतिबद्ध हैं। यदि वह जीतने के बाद चले जाते तो वह ज्यादा बुरा होता। यह पूछे जाने पर कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के चुनाव जीतने के बाद यदि वह (नीतीश कुमार)वापस आएं तो उन्हें लिया जाएगा। इस पर खरगे ने कहा कि ऐसे लोग टिकते नहीं। अब तो उन्होंने शपथ ही ले ली है कि इस तरफ कभी नहीं आएंगे।

### दलबदलुओं पर कसा तंज... राहुल के आगे-पीछे घूमते थे

खरगे ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले पार्टी नेताओं पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं, जिनका कांग्रेस की विचारधारा से मतलब नहीं था। ये लोग कभी राहुल गांधी के आगे-पीछे घूमा करते थे ताकि मंत्री पद मिल जाए और उनकी राजनीतिक पहचान बने। अब अचानक उन्हें राम मंदिर या आने लगा। यह पूछे जाने पर कि इन नेताओं का कहना है कि उन्हें कांग्रेस में आगे बढ़ने का मौका नहीं मिला। खरगे ने कहा कि वह हमारी विचारधारा को अपना नहीं सके। इसलिए पाला बदल लिया था। आज ये लोग भाजपा में हैं। आखिर इनकी क्या पहचान है। उन लोगों ने पाला इसलिए बदल लिया क्योंकि डर गए थे।

### पीएम मोदी के नहीं, उनकी विचारधारा के खिलाफ

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने मंगलवार को कहा कि मैं पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ नहीं हूं। मैं मोदी और आरएसएस की विचाराधारा के खिलाफ हूं। हम विचारधारा के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। मोदी खुद को होशियार समझते हैं। परंतु मोदी से ज्यादा देश की जनता होशियार है। यह लड़ाई जनता और नरेंद्र मोदी व भाजपा के बीच है। खरगे मंगलवार को हरियणा के यमुनानगर में अनाज मंडी जगाधारी में एक चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पीएम मोदी को झूठों का सरदार भी कहा। उन्होंने कहा कि पहले मोदी कहते थे कि कांग्रेस ने 70 साल में देश के लिए किया क्या है? अब कहते हैं कि कांग्रेस ने 55 साल में क्या किया है। नरेंद्र मोदी भूल गए कि कांग्रेस की बनाई हुई नीतियों के कारण ही वह आज प्रधानमंत्री बने हैं।

## जरूरी खबर

### आतंकी अर्श डल्ला के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में आतंकी हमलों की साजिश का हिस्सा बने कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी अर्शदीप सिंह और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। यह कार्रवाई पंजाब और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए अर्श डल्ला द्वारा संचालित स्लीपर सेल को नष्ट करने के लिए की गई है। कनाडा स्थित अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला और उसके भारतीय एजेंटों हरजीत सिंह उर्फ हैरी मौर, रविंदर सिंह उर्फ राजविंदर सिंह उर्फ हैरी राजपुरा और राजीव कुमार उर्फ शीला पर एनआईए विशेष अदालत, नई दिल्ली में आरोप पत्र दायर किया गया है। डल्ला के तीनों सहयोगी उसके निर्देश पर भारत में एक बड़ा आतंकी-गैंगस्टर सिंडिकेट चला रहे थे।

### नए वकीलों को भी बहस का मौका दें: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि वरिष्ठ वकीलों को अपने जूनियर वकीलों को वैकेशन के दौरान मामलों पर बहस करने की इजाजत देनी चाहिए। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने वरिष्ठ वकील डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ अदालत कक्ष में इसे लेकर बातचीत की। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि युवा आगे बढ़ें। छुट्टियों का मतलब ही यही था कि युवाओं को इससे मौका मिलेगा। अभिषेक मनु सिंघवी ने इस विचार का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक समान नियम होने चाहिए।

### 80 घंटे तक कार्रवाई... 57 करोड़ नकदी जब्त

**आगरा।** आगरा के तीन फुटवियर कारोबारियों पर जारी आयकर सर्च का का काम मंगलवार रात पूरा हो गया। तलाशी अभियान करीब 80 घंटे तक चला। विभाग ने इसमें 57 करोड़ रुपए की नगदी जब्त की। इसको बैंक में जमा करा दिया गया है। लगभग एक करोड़ रुपए के जेवर मिले हैं। कुछ निवेश प्रॉपर्टी में भी हैं। लगभग 30 करोड़ रुपएकी पर्चियां मिली हैं। जांच टीम इनकी भी छानबीन करेगी। पहले दिन जब आयकर की टीम ने छापेमारी की थी तो कमरे में नोटों का बस्तर मिला था। कमरे में 500-500 की गड्डियां भरी थीं।

## महिला सशक्तीकरण के लिए योग




**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2024 के 10वें संस्करण के उपलक्ष्य में मंगलवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का विषय महिला सशक्तीकरण के लिए योग था।

### सिसोदिया को नहीं मिली राहत जमानत खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कथित शराब घोटाले से जुड़े केस में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। सिसोदिया ने मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार मामले में निचली अदालत द्वारा खारिज जमानत याचिका को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने सीबीआई और ईडी, दोनों ही केस में सिसोदिया को राहत देने से इनकार किया। न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने सिसोदिया की जमानत याचिका नामंजूर करते हुए कहा कि इस मामले की सुनवाई में देरी की वजह आरोपी हैं, इसके लिए जांच एजेंसियां जिम्मेदार नहीं हैं। कोर्ट ने इसे पद के दुरुपयोग का मामला भी बताया।

## देश में केपी1 व केपी2 के 300 से अधिक मामले आए सामने


# सिंगापुर में पैर पसार रहा कोरोना का नया वैरिएंट पहुंचा भारत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सिंगापुर में कोरोना के नए वैरिएंट केपी.2 और केपी.1 तेजी के साथ अपना पैर पसार रहे हैं और चिंता की बात है कि ये नए वैरिएंट अब भारत में भी प्रवेश कर चुके हैं।

भारत में कोरोना के मामलों पर निगरानी रखने वाले इंडियन सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (INSACOG) के डेटा से इस बात का खुलासा हुआ है। डेटा के अनुसार, भारत में कोरोना वैरिएंट केपी1 के 34 और केपी2 के 290 मामले सामने आए हैं। इनमें दो मामले राजस्थान में सामने आए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, केपी1 और केपी2 भी कोरोना के जेएन1 वैरिएंट के उप-वैरिएंट हैं। हालांकि इस वैरिएंट से संक्रमित मरीजों में अभी बीमारी के गंभीर लक्षण नहीं दिखे हैं और अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी कम है। ऐसे में घबराने वाली बात नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इन वैरिएंट में म्युटेशन की प्रक्रिया होती रहेगी और यह कोरोना वायरस की प्रकृति भी है।



### राजस्थान में दो मामले आए सामने

डेटा के अनुसार, देश के सात राज्यों में केपी1 के मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 23 मामले मिले हैं। वहीं गोवा (1), गुजरात (2), हरियाणा (1), महाराष्ट्र (4), राजस्थान (2), उत्तराखंड (1) केपी1 संक्रमित मरीज मिले हैं। वहीं केपी2 से संक्रमित मरीजों की संख्या देश में 290 है, जिनमें से सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में (148) पाए गए हैं। साथ ही दिल्ली (1), गोवा (12), गुजरात में (23), हरियाणा (3), कर्नाटक (4), मध्य प्रदेश (1), ओडिशा (17), राजस्थान (21), उत्तर प्रदेश (8), उत्तराखंड में (16) और पश्चिम बंगाल में 36 मरीजों का पता चला है।

### मरीजों में नहीं दिख रहे गंभीर लक्षण

उल्लेखनीय है कि केपी1 और केपी2 वैरिएंट सिंगापुर में कोरोना की नई लहर का कारण बन गए हैं। सिंगापुर में 5 मई से 11 मई तक 25,900 से ज्यादा मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें से दो तिहाई मामले केपी1 और केपी2 वैरिएंट से जुड़े हैं। केपी1 और केपी2 वैरिएंट जिस ग्रुप से जुड़े हैं, उसे वैज्ञानिकों ने फ्लिर्ट (FLiRT) नाम दिया है।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट का मामला

# बिभव को मुंबई ले गई पुलिस, आईफोन किया था फॉर्मेट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को मुंबई ले जाया गया है। पुलिस को संदेह है कि बिभव कुमार ने मुंबई में आईफोन को फॉर्मेट कर दिया था या उसका डेटा किसी अन्य उपकरण में भेज दिया था। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि यदि ऐसा हुआ है तो फोन का डेटा किसे भेजा गया था। सूत्रों के अनुसर दिल्ली पुलिस उन सभी लोगों के बयान दर्ज कर सकती है, जिनसे बिभव ने मुंबई यात्रा के दौरान मुलाकात की थी।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने 13 मई को केजरीवाल के घर में मौजूद सभी कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद बिभव कुमार का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था लेकिन जब्त किए जाने से पहले ही उसे फॉर्मेट किया जा चुका था। पुलिस ने बताया कि बिभव कुमार ने मुंबई में अपने आईफोन को फॉर्मेट किया था।



### एफएसएल करेगी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच

पुलिस के अनुसार उसने कुछ गैजेट बरामद हुए हैं। इन इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को जांच के लिए एफएसएल भेज दिया गया है। बिभव कुमार की हिरासत गुरुवार को समाप्त हो रही है। स्वाति मालीवाल मामले की छानबीन के लिए एसआईटी गठित की गई है। इस एसआईटी का नेतृत्व उत्तरी दिल्ली की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अंजिता चेप्याला कर रही हैं। अंजिता चेप्याला ही जांच का जिम्मा संभाल रही हैं। एसआईटी में इंस्पेक्टर रैंक के 3 अधिकारी भी शामिल हैं।

### केजरीवाल की चुप्पी पर LG ने साधा निशाना

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को कहा कि स्वाति मालीवाल ने मारपीट के मामले में उनके साथ फोन पर बात की और बताया कि कैसे उनके सहकर्मी उन्हें धमकी दे रहे हैं। इस दौरान उपराज्यपाल ने मामले पर केजरीवाल की चुप्पी को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि वह टाल मटोल करने के बजाय साफ-साफ बयान देंगे। उनकी चुप्पी महिलाओं की सुरक्षा पर उनके रुख के बारे में बहुत कुछ बताती है। उपराज्यपाल ने कहा, दिल्ली देश की राजधानी है और यहां किसी महिला के साथ हुई ऐसी घटना पर सरकार की ऐसी प्रतिक्रिया से दुनियाभर में देश का नाम खराब होगा। मैं पिछले कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल पर मुख्यमंत्री के आवास पर कथित हमले के मुद्दे पर मीडिया में चल रही खबरों से बहुत व्यथित हूं।

## महिला पहलवानों के यौन शोषण का मामला

# बृजभूषण पर आरोप तय, चलेगा केस

**एजेंसी** | दिल्ली

दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिए हैं। सिंह पर कानून की सात धाराओं के तहत आरोप तय किए गए हैं। भाजपा सांसद ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह मुकदमे का सामना करेंगे। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत की अदालत में इस केस पर सुनवाई हुई है। अदालत में जज ने भाजपा सांसद से कहा कि क्या वो अपनी गलती मानना चाहते हैं? इस पर सिंह ने कहा, कोई सवाल ही नहीं है, जब कोई गलती की ही नहीं तो मानना कैसा। आरोप तय होने के बाद अब सिंह पर यौन शोषण के मामले में ट्रायल शुरू किया जाएगा।



### मेरे पास सबूत हैं

बृज भूषण शरण सिंह ने कोर्ट से निकलने के बाद चार्ज फ्रेम किए जाने को लेकर मीडिया से बातचीत में अपनी बात रखी। जब उनसे यह पूछा गया कि आपने कहा था कि अगर आरोप साबित हो गए तो मैं फांसी से लटक जाऊंगा। इस पर सिंह ने कहा, शाम को आ जाइए, लटक जाते हैं...मजाक कर रहे हैं आप? मैंने कहा था कि जिस दिन आरोप साबित हो जाएंगे उस दिन में खुद फांसी पर लटक जाऊंगा। ये सब झूठे आरोप हैं। दिल्ली पुलिस को साबित करना है कि मेरे खिलाफ क्या सबूत हैं?

## पुणे कार दुर्घटना केस

# आरोपी किशोर के पिता को लिया हिरासत में, 3 गिरफ्तार

**एजेंसी** | पुणे

पुणे कार दुर्घटना में शामिल 17 वर्षीय किशोर के पिता को पुलिस ने मंगलवार को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही किशोर को शराब परोसने के लिए दो होटल के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। तीन आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 24 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि हमने छत्रपति संभाजीनगर से किशोर के पिता को हिरासत में लिया है। पुलिस ने किशोर के पिता के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पिता रियल एस्टेट कारोबारी है। एक अधिकारी ने पहले बताया था कि इन मामलों की जांच अपराध शाखा को सौंप दी गई है। प्राथमिकी के अनुसार, किशोर के पिता ने यह जानते हुए भी कि उसके बेटे के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है, उसे कार दे दी। उन्होंने बेटे को कार देकर उसकी जान खतरे में डाली और उसे पार्टी करने की भी अनुमति दे दी जबकि वह जानता था कि उसका बेटा शराब पीता है।

## थिएटर कमांड लागू करने की तैयारी

# ऑपरेशनल कमांडर सिर्फ सुरक्षा चुनौतियों पर देंगे ध्यान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि सशस्त्र बलों में संयुक्त संस्कृति विकसित करना समय की मांग है। संभावना है कि इस साल के अंत तक थिएटर कमांड का गठन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि थिएटर कमांड का गठन ही अंतिम नहीं होगा बल्कि यह सैन्य सुधारों की शुरुआत भर है। सीडीएस ने मेजर जनरल समीर सिन्हा मेमोरियल लेक्चर में अपने संबोधन के दौरान कहा कि थिएटर कमान के गठन के बाद भी सेना में सुधारों के अगले कदम की शुरुआत होगी। एकीकृत थिएटर कमान से सिंगल से मल्टी डोमेन ऑपरेशंस, पारंपरिक डोमेन में फ्यूजिंग स्पेस और साइबर स्पेस, युद्धक्षेत्र की जानकारी तथा विजुअलाइजेशन का डिजिटलीकरण, नेट सेंट्रिक से डेटा सेंट्रिक जैसे कई सुधारों को बढ़ावा मिलेगा। वर्ष 2019 में थिएटर कमांड के गठन के लिए ही सीडीएस जैसे पद का सृजन किया गया था। इसी साल सरकार ने मार्च में थिएटर कमांड के गठन के लिए इंटर सर्विसेस आर्गेनाइजेशन एक्ट को अधिसूचित किया। उन्होंने कहा कि एकीकृत थिएटर कमान के निर्माण से 'ऑपरेशनल' कार्यों को रेज-ट्रेन-सस्टेन और अन्य प्रशासनिक कार्यों से अलग किया जाएगा। इससे ऑपरेशनल कमांडर को सुरक्षा के मामलों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का समय मिल सकेगा।




### क्या है थिएटर कमांड

सशस्त्र बलों के एकीकरण के तहत हर थिएटर कमांड में थल सेना, वायुसेना और नौसेना की यूनिट्स होंगी और तीनों यूनिट्स साथ मिलकर एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में काम करेंगी। इससे तीनों सेनाओं की क्षमाओं का भी पूरी तरह से इस्तेमाल हो सकेगा। अभी सेना के तीनों कमान अलग-अलग काम करते हैं। सेना में मौजूदा समय में 17 सर्विस कमांड हैं। इसमें थल सेना के 7, वायु सेना के 7 और नेवी के 3 सर्विस कमांड हैं। इन सभी कमांड को एकीकृत कर थियेटर कमांड बनाने की तैयारी काफी समय से हो रही है।

### चुनौतियों की सुरक्षा की जरूरत

सीडीएस चौहान ने कहा कि आज दुनियाभर के देश चुनौतियों से जूझ रहे हैं, ऐसे हालात में भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी में सुधार और अपनी सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा की जरूरत है। तकनीक के बढ़ते दखल ने भविष्य की लड़ाईयों को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि संयुक्तता 1.0 के तहत तीनों कमान में आपसी समझ को बढ़ाया गया है। अब संयुक्तता 2.0 के तहत तीनों सेनाओं में संयुक्त कार्य संस्कृति को विकसित करने पर जोर है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक सेवा का सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए, और सबसे कम सामान्य भाजक के लिए समझौता करने के बजाय उच्चतम सामान्य कारक पर ध्यान देना चाहिए।

## इंडिगो की उड़ान में अजीब वाकिया

# सीट नहीं मिली तो पीछे खड़ा हो गया यात्री

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इंडिगो की एक उड़ान में मंगलवार को उस समय अजीबो-गरीब स्थिति उत्पन्ना हो गई जब एक यात्री को विमान के पिछले हिस्से में खड़े होकर सफर करते हुए देखा गया। यह वाकया मुंबई से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 6543 का है। सामान्यतया अतिरिक्त यात्री की यह स्थिति बसों या ट्रेनों में देखी जाती है। विमान में तो सीटों की संख्या के अनुसार ही टिकट कंफर्म होते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जब विमान मुंबई से वाराणसी के लिए उड़ान भरने के लिए मुंबई हवाई अड्डे पर टैक्सी करने लगा तभी एक केबिन क्रू सदस्य ने प्लेन के पीछे खड़े अतिरिक्त यात्री को देखा और पायलट को इस बारे में सूचित किया। तब पायलट विमान के फिर से रनवे पर ले आया और उस अतिरिक्त यात्री को उतार दिया गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इस सुरक्षा चूक मामले की जांच के आदेश दिए हैं। अतिरिक्त यात्री इंडिगो का ही कर्मचारी था, जिसका टिकट कन्फर्म नहीं था और वह स्टैंडबाय में था। सूत्रों के अनुसार जब कन्फर्म यात्री समय पर चेक इन नहीं कर सका, तब उस स्टैंडबाय वाले इंडिगो कर्मचारी को सीट कन्फर्म कर दी गई और वह चेक इन कर गया लेकिन इसी बीच कन्फर्म सीट वाला यात्री भी चेक इन कर विमान में सवार हो गया। यह देखकर इंडिगा कर्मचारी प्लेन के पीछे जाकर खड़ा हो गया।

## जयपुर कॉट्योर शो के थर्ड लुक लॉन्च में सामने आई नायाब कलेक्शन की पहली झलक

# ब्राइडल कलेक्शन का दिखेगा न्यू ट्रेंड, हायर जूलरी रहेगी आकर्षण

**बेधड़क.जयपुर।** फैशल लवर्स को गुलाबी नगरी के साथ दिल्ली की मॉडल्स के जरिए ब्राइडल का न्यू ट्रेंड देखने को मिलेगा। इसमें हायर जूलरी का तड़का खास होगा। इसकी पहली झलक जब जयपुर में दिखाई दी तो फैशन लवर्स रोमांचित नजर आए। मौका था जयपुर कॉट्योर शो सीजन-12 के थर्ड लुक लॉन्च का, जो 360 क्लब में हुआ। इस दौरान शो डायरेक्टर गौरव गौड़ और डिजाइनर्स ने शो से जुड़ी जानकारी दी। लॉन्च में समाज सेवी राहुल दिवेद्वी, शो डायरेक्टर दीपक नाहर, लेबल रॉयल कट से डिजाइनर्स राम नारायण और राकेश, हैड मेन सलोन से हेमंत और ज्योति शुक्ला, डिजाइनर लेबल दीवा से मोनिका, कोड विजीयू से दीक्षा आदि मौजूद रहे।



### ब्राइडल कलेक्शन होगा खास

लेबल दीवा से मोनिका ने बताया कि पेस्टल ब्राइडल के साथ सेमी ब्राइडल व ब्राइडल कलेक्शन लॉन्च करेंगे। पेस्टल और सॉफ्ट लकर्स ट्रेंड में हैं तो उनको लेकर कई महीनों की मेहनत से कलेक्शन तैयार किया है, जिसमें हाई एमरल्ड जूलरी जेल की जाएगी।

### फीमेल कलेक्शन होगा खास

लुक लॉन्च में रॉयल कट की हैड ऑफ डिजाइन आयूषी सक्सेना ने बताया कि 2011 से मेन्स कलेक्शन पर काम कर रहे हैं, लेकिन अब 2 जून को कॉट्योर में फीमेल कलेक्शन लॉन्च करेंगे। पिछले एक साल से फीमेल कलेक्शन पर काम कर रहे हैं, जो जयपुर में दिखाई देगा। इसमें हम हर उम्र की लेडीज के लिए खास ड्रेसेज शोकेस किए जाएंगे।

### बॉलीवुड सेलिब्रिटीज करेंगी रैंप वॉक

गौड़ ने बताया कि शो में पहली बार 6 से ज्यादा सेलिब्रिटीज शिरकत करेंगी और शो स्टॉपर बनेंगी। इसमें श्रेया शरण, ईशा मालवीया, दलजीत कौर, हेलीन शास्त्री, स्नेहा गुप्ता, चार्वी तान्या दत्ता आदि शामिल हैं।

## जयपुर के प्लेयर्स गुवाहाटी में खेलेंगे



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर और राजस्थान के प्लेयर्स गुवाहाटी में होने वाले नेशनल मुएथाई चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। 25 से 31 मई को गुवाहाटी लक्ष्मीबाई मित्तल फिजिकल एजुकेशन ऑफ कॉलेज में चैंपियनशिप के दौरान राजस्थान की टीम का सेलेक्शन किया गया है। सभी ने ग्रुप फोटो क्लिक कराते हुए अपने मेंटर्स और प्रमोटर्स के साथ कोच से आशीर्वाद लिया और उनके गाइडेंस में सफल होने की बात की। इस दौरान वहां 40 प्लेयर्स देश भर के अन्य खिलाड़ियों से मुकाबला करते हुए मैडल जीतने का प्रयास करेंगे।

## श्रमदान कर किया पौधारोपण

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की टीम-10 ट्री एंबुलेंस ने विद्याधर नगर के सेक्टर 3 में पौधारोपण और श्रमदान किया। दो ग्रुप में उन्होंने काम करते हुए सफाई अभियान भी चलाया और दीवारों पर रंग और रेलिंग, कॉलोनी के बड़े लोहे के गेट पर ऑयल पेंट किया गया। साथ ही पानी के टैंकर से पानी डाला गया। इस मौके पर हर उम्र के लोग शामिल थे। टीम ने बताया कि कई वर्षों से लगातार हम इसी प्रकार काम करते आ रहे हैं और हमारा मकसद विधाधर नगर को एशिया की आदर्श जगह बनाना है।

## पक्षियों के लिए बांधे परिंडे




**बेधड़क. जयपुर।** इंद्रलोक वेलफेयर मेंटेनेंस समिति और बीएसबी फाउंडेशन की ओर से पक्षियों के लिए गर्मी में पानी के परिंडे बांधकर उनकी देखभाल और रखवाली का संकल्प लिया गया। परिंडे बांधने का कार्यक्रम इंद्रलोक परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जयपुराइट्स और समाज सेवियों ने हिस्सा लिया। बड़ों ने युवाओं को इसका महत्व बताया और उनको आगे भी पक्षियों के लिए परिंडे बांधने की सलाह दी।

## City इवेंट्स

### जयपुराइट्स को 'द ब्लैक स्वोर्ड' का तोहफा




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स को तेलुगु सिनेमा के चेहेते स्टार मनोज मांचू से उनके जन्मदिन पर तोहफा मिला है। मांचू 8 साल बाद सिल्वर स्क्रीन्स पर वापसी कर रहे हैं। फिल्म मिराई में मांचू 'द ब्लैक स्वोर्ड' के रूप में लेटेस्ट अवतार के साथ हैं। फिल्म में तेजा सज्जा द सुपर योद्धा की भूमिका निभाते दिखाई देंगे। हाल में द ब्लैक स्वॉर्ड के रूप में मांचू की पहली झलक से पर्दा उठा। इसमें उनको पहले कभी न देखे गए ताकतवर अवतार में दिखाया है, जो हथियार से लैस है। पोनीटेल, स्टाइलिश दाढ़ी, लंबे बाल और ब्लेजर लुक में वे इंट्रो सीन में खतरनाक और अल्ट्रा-फैशनेबल लग रहे हैं। ऐसे में मांचू ने कहा कि पावरफुर और दिलचस्प किरदार के साथ इंडस्ट्री में वापस आना चुनौती से भरा और एक्साइटिंग रहा है। द ब्लैक स्वोर्ड एक ऐसा किरदार है जो उस ताकत और लचीलेपन से गूंजता है जिसे हर हीरो को अपनाना चाहिए। मैं इस यात्रा को प्रशंसकों के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं।

### 'खड़ी नीम के नीचे' गाना रिलीज

**बेधड़क. जयपुर।** प्रियांशु भार्गव का राजस्थानी सॉन्ग 'खड़ी नीम के नीचे' रिलीज कर दिया गया है। गाने को जयपुराइट्स ने पसंद किया। प्रियांशु के पिता पंकज भार्गव ने बताया कि बेटे ने इसके लिए बहुत मेहनत की और उन्होंने सीनियर्स के गाइडेंस पर काम किया। उन्हें खुशी है कि बेटे की मेहनत रंग लाई और गाना सबके सामने है।

### गोल्फ समर कैम्प 27 से

**बेधड़क. जयपुर।** रामबाग गोल्फ क्लब की ओर से 27 मई से 'गोल्फ समर कोचिंग कैम्प' का आयोजन किया जाएगा। गोल्फ को बढ़ावा देने और बच्चों में गोल्फ के प्रति रूचि पैदा करने के उदेश्य से कैम्प रामबाग गोल्फ क्लब परिसर में होगा। कैम्प में 7 से 18 वर्ष के बच्चे भाग ले सकते हैं। बच्चों को गोल्फ का प्रशिक्षण देने के लिए 2 कैम्प आयोजित होंगे। पहला 27 मई से 12 जून तक और दूसरा 13 जून से 29 जून तक चलेगा। हैड कोच ऋषि राज सिंह के निर्देशन में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं कैम्प का समय शाम 5.30 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा।

## 15 दिन की शूटिंग के बाद फिल्म छोड़ी

# संजय दत्त को नहीं भाया 'वेलकम' तो 'जंगल' से बाहर निकल गए




**बेधड़क | जयपुर**

साल 2024 की मच-अवेटेड फिल्मों में से एक मल्टीस्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से एक बड़ी अपडेट सामने आई है। पता चला है कि संजय दत्त ने अपने हस्से की करीब 15 दिन की शूटिंग करने बाद फिल्म छोड़ दी है। बता दें कि पॉपुलर फ्रेंचाइजी फिल्म 'वेलकम' का तीसरा पार्ट 'वेलकम टू द जंगल' अक्षय कुमार, अनिल कपूर, सुनील शेट्टी, संजय दत्त, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता सहित कई बड़े स्टार्स साथ बनाया जा रहा है। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में अब संजय दत्त नजर नहीं आएंगे। संजय दत्त ने फिल्म से बाहर होने का फैसला किया। संजय दत्त को लग रहा है कि फिल्म का शूट बिना प्लानिंग के हो रहा है और स्क्रिप्ट में काफी बदलाव हुए हैं। इस वजह से उनके बाकी प्रोजेक्ट पर भी असर पड़ा रहा है। संजय दत्त ने फिल्म को छोड़ने को लेकर सभी बातें अक्षय कुमार को बताई है। अब मेकर्स दुविधा में हैं कि वो संजय दत्त के पार्ट को फिल्म में रखें या हटा दें। संजय दत्त ने फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में फनी पार्ट को शूट किया तो ऐसे में मेकर्स उनके पार्ट को गेस्ट अपीयरेंस में ले सकते हैं।

## जयपुराइट्स को भाए मोशन पोस्टर्स

# छठी मैया की बिटिया, इश्क जबरिया और साझा सिन्दूर का फर्स्टलुक जारी




**बेधड़क | जयपुर**

हिंदी भाषी दर्शकों का मनोरंजन तीन गुना बढ़ने वाला है, क्योंकि उनके टीवी पर एक नहीं बल्कि तीन-तीन नए सीरियल आने वाले हैं। ये शोज सन नेटवर्क के नये हिंदी जीईसी चैनल सन नियो पर आएंगे। चैनल ने अपने इन तीनों ओरिजनल शोज छठी मैया की बिटिया, इश्क जबरिया और साझा सिन्दूर फर्स्टलुक का जारी किया। इनके मोशन पोस्टर्स को देख जयपुराइट्स रोमांचित नजर आए। मेकर्स के अनुसार ये तीनों शो परिवार के साथ-साथ युवाओं का मनोरंजन करेंगे। 'छठी मैया की बिटिया' एक ऐसा शो होगा जिसमें एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगी। यह पारंपरिक विषयों के साथ एक भक्ति शो है, जो एक देवी और एक इंसान के बीच के रिश्ते की खोज करता है। 'इश्क जबरिया' एक मनोरंजक शो है जो जबरन विवाह और नाटक की अवधारणा पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। तीसरा शो 'साझा सिन्दूर' रिश्तों और वैवाहिक जीवन की जटिल गतिशीलता पर प्रकाश डालता है। इन शोज का पहला लुक देखने के बाद उत्साहित जयपुराइट्स को इनके प्रोमो का इंतजार है।

**कॉलाज ऑफ किलकारी** | बाल-किशोर नाटय कार्यशाला में विभिन्न एक्टिविटीज

# योगा से बनाया स्ट्रॉन्ग तो ऑफिसर्स ने किया मोटिवेट

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के युवाओं को जब विभिन्न एक्टिविटीज के जरिए नॉलेज मिली तो वे रोमांचित हो उठे। मौका था राजस्थान ललित कला अकादमी, हिमालयीय विश्वविद्यालय देहरादून व क्यूरियो चिल्ड्रंस थिएटर जयपुर की ओर से 17वीं कॉलाज ऑफ किलकारी-2024 बाल-किशोर नाटय कार्यशाला में विभिन्न आयोजनों का। रवींद्र मंच, सेंट्रल एकेडमी महावीर नगर और संस्कार स्कूल वैशाली नगर में अलग-अलग ऐज ग्रुप के बच्चों ने कई एक्टिविटीज से स्वयं को



डवलप करने की कोशिश की। अब कार्यशाला में 9 जून तक ये युवा स्वयं का पर्सनेलिटी डवलपमेंट करेंगे।

### क्रिएटिव बातचीत

सीनियर आर ए एस ऑफिसर और रवींद्र मंच प्रबंधक सोवीला माथुर ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनको मोटिवेट किया। उन्होंने स्टूडेंट्स से क्रिएटिव बातचीत की और रिव्यू लिया। इसी कड़ी में योग गुरु ढाका राम सापकोटा ने ड्रामा को डेवलप करने के लिए योग थेरेपीज का सेशन लिया, जिसमें प्राणायाम, ताड़ासन, ग्रीवा शक्ति विकास, स्ट्रेचिंग पर आधारित योग क्रियाएं खास रहीं। इसके पीछे स्टूडेंट्स को फिजिकली और मेंटली स्ट्रॉन्ग और थिएटर बॉडी मूवमेंट की नॉलेज देने का प्रयास था।



### इन्होंने कराई एक्सरसाइज

फेकल्टीज गगन मिश्रा, अभिषेक झांकल, कपिल शर्मा, प्रियदर्शिनी मिश्रा, समर्थ शांडिल्य, प्रेरणा शर्मा, आशीष मिश्रा, पल्लवी जोशी, कमलेश चौधरी ने सभी सेंटर्स पर नेम गेम-एक्सरसाइज, शारीरिक भाव भंगिमाएं, अल्फाबेट मेकिंग, ऑब्जेक्ट मेकिंग, भाग मिल्खा भाग, क्लॉक और एंटी क्लॉक गेम्स और एक्सरसाइज कराई।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 22 मई, 2024



जो हम खुशी से सीखते हैं उसे हम कभी नहीं भूलते।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



**गम में डूबा ईरान: गृह नगर मशहद में किया जाएगा दफन**

# राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की अंतिम यात्रा में मंगलवार को हजारों लोग शामिल हुए। अजरबैजान की सीमा के पास रविवार को हेलिकॉप्टर क्रैश हो जाने से ईरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री समेत अन्य 9 लोगों की मौत हो गई थी। ईरानी राष्ट्रपति की मौत के बाद पूरे ईरान में शोक की लहर है। अंतिम यात्रा में हजारों लोग काले कपड़े पहनकर शामिल हुए। लोगों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई थी। आधुनिक हथियारों से लैस ईरान के गार्ड भीड़ की निगरानी कर रहे थे। ईरान के अधिकारी अपने नेता की अंतिम विदाई के दौरान भाषण दिए और शोक संगीत बजाया गया। अंतिम यात्रा में लोगों को ईरान के झंडे और रईसी की तस्वीरों के साथ देखा गया। कुछ लोग फिलिस्तीन का भी झंडा लिए हुए थे, इससे पता चलता है कि ईरान फिलिस्तीन का समर्थक है।



## सफेद फूलों से सजे ट्रक पर था ताबूत

अंतिम यात्रा में राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियो के ताबूत एक ट्रक पर रखे गए थे। ताबूतों को सफेद फूल से सजाया गया था। जिधर से ट्रक गुजर रहा था लोग ताबूत छू रहे थे। तेहरान निवासी अमीरी हस्ती ने कहा कि जब से हमने हेलिकॉप्टर हादसे की बात सुनी काफी चिंतित थे, हम सिर्फ यही सोच रहे थे कि आखिर ईरान के साथ क्या हो रहा है। मौत की खबर आने के बाद हम टूट गए। एक अन्य शख्स ने कहा कि हमने एक शक्तिशाली नेता को खो दिया।



## भारत में राजकीय शोक

रईसी की अंतिम यात्रा के दौरान मंगलवार को सभी सरकारी कार्यालय और दुकानें बंद रही। इसके अलावा भारत में भी ईरानी राष्ट्रपति की मौत पर राजकीय शोक घोषित किया गया। ऐसे में संसद भवन समेत सभी सरकारी इमारतों पर तिरंगा आधा झुका नजर आया।

## मशहद में किया जाएगा दफन

ईरानी राष्ट्रपति को गुरुवार को उनके गृह नगर मशहद में दफन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद हेलिकॉप्टर तीन हिस्सों में टूट गया था। हेलिकॉप्टर का अगला हिस्सा पूरी तरह से जल गया, जिस स्थान पर हादसा हुआ है वहां पर तीव्र ढलान वाली पहाड़ी है। घटना वाली जगह पर जांच की वजह से जाने की इजाजत नहीं हैं।

**फिर इजराइल के बचाव में उतरे अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, बोले...**

# गाजा में नरसंहार नहीं कर रही इजराइल की सेना

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में नरसंहार के आरोपों पर इजराइल का मजबूती के साथ बचाव किया है। उन्होंने कहा कि गाजा में हमास के विरुद्ध अपने अभियान में इजराइल की सेना नरसंहार नहीं कर रही है।

इस बीच, इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज फ्रांस गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के मुख्य अभियोजक की इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री और हमास नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग के मुद्दे पर फ्रांस से बात करेंगे और उसे समझाने की कोशिश करेंगे।

इजराइल के अहम सहयोगी फ्रांस के अलावा बेल्जियम और स्लोवेनिया ने मुख्य अभियोजक की इस मांग का समर्थन किया है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस में सोमवार को यहूदी अमेरिकियों के एक कार्यक्रम में कहा कि गाजा में जो कुछ हो रहा है, वह नरसंहार नहीं है। हम इसे खारिज करते हैं। हम सिनवार (हमास नेता येहिया सिनवार) और हमास के बाकी कसाइयों को बाहर निकालने के लिए इजराइल के साथ खड़े हैं। हम हमास को पराजित देखना चाहते हैं। इसके लिए इजरायल के साथ काम कर रहे हैं।



## गाजा में तत्काल संघर्ष विराम की मांग

इसके साथ ही बाइडेन ने गाजा में तत्काल संघर्ष विराम की मांग भी की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के मुख्य अभियोजक की उस मांग को भी खारिज कर दिया। इसमें उन्होंने गाजा युद्ध को लेकर नेतन्याहू और रक्षा मंत्री के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट की मांग की है। मुख्य अभियोजक करीम खान ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से इजरायली नेताओं के अलावा तीन हमास नेताओं के विरुद्ध भी गिरफ्तारी वारंट की मांग की।

## अब तक 35 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा में हमास के विरुद्ध इजराइल के सैन्य अभियान में अब तक 35 हजार 647 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। इस बीच, अमेरिका की ओर से 569 टन सहायता सामग्री गाजा पहुंचाई गई है। उधर वेस्ट बैंक में सात फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इजराइली सेना ने मंगलवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में छापेमार कार्रवाई की। इसमें एक डाक्टर समेत सात फिलिस्तीनी मारे गए। सेना ने बताया कि जेनिन शहर में अभियान के दौरान आतंकियों से सामना हुआ। जबकि फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद समूह ने कहा कि उसके सदस्यों का इजराइली बल के साथ संघर्ष हुआ। गाजा में सात महीने पहले संघर्ष शुरू होने के बाद वेस्ट बैंक में यह बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है।

**इंडोनेशिया में फटा ज्वालामुखी**

# आसमान से चमकी बैंगनी रंग की बिजली

**एजेंसी** | जकार्ता

इंडोनेशिया के अलग-थलग द्वीप हल्माहेरा पर एक ज्वालामुखी नाटकीय ढंग से फटा है। आकाश में इसके कारण भूरी राख के बादल छा गए। विस्फोट के तुरंत बाद ही सात पड़ोसी गांवों को खाली करा लिया गया।

इंडोनेशिया की ज्वालामुखी एजेंसी की ओर से दी गई जानकारी और तस्वीरों के मुताबिक माउंट इबू में विस्फोट हुआ, जिससे 4 किमी ऊंची राख निकली और इसके क्रेटर के चारों ओर बैंगनी रंग की बिजली चमकी। आसपास के निवासियों को निकालने के लिए पुलिस, सेना और बचाव अधिकारियों की एक जॉइंट टीम को क्षेत्र में भेजा गया था।

रिपोर्ट के मुबातिब आपदा एजेंसी ने बुजुर्गों की सहायता करने वाले अधिकारियों की फोटो ट्वीट की। अन्य लोगों को पिक-अप ट्रकों में ले जाया गया और रात में इमरजेंसी टेंट में आश्रय दिया गया।



## चेतावनी के स्तर को बढ़ाया

इस महीने की शुरुआत में इबू के कई बार फटने के बाद इंडोनेशिया की ज्वालामुखी विज्ञान एजेंसी ने ज्वालामुखी के चेतावनी स्तर को उच्चतम तक बढ़ा दिया।

## 127 एक्टिव ज्वालामुखी

इबू की गतिविधियां इंडोनेशिया में विभिन्न ज्वालामुखियों के विस्फोटों की एक श्रृंखला के बाद होती है। इंडोनेशिया या प्रशांत में रिंग ऑफ फायर पर है, जहां 127 सक्रिय ज्वालामुखी हैं।

## सात किमी के इलाके को कराया खाली

आसमान में जैसे ही बादल छाने लगा, वैसे ही लोगों ने इसकी तस्वीरें खींचनी शुरू कर दी। इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। एजेंसी ने ये नहीं बताया कि कितने लोगों को निकाला गया है, लेकिन अधिकारियों ने सात किमी के इलाके को खाली करने को कहा है।


**सिंगापुर एयरलाइंस के विमान में सवार थे 218 लोग**

# एयर टर्बुलेंस में फंसा विमान, एक की मौत

**एजेंसी** | बैंकॉक

सिंगापुर एयरलाइंस की एक फ्लाइट म्यांमार के आसमान में एयर टर्बुलेंस में फंस गई। अचानक लगे झटकों के कारण 73 साल के ब्रिटिश यात्री की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य यात्री घायल हो गए। फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य सवार थे। फ्लाइट को जल्दबाजी में बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। लैंडिंग के तुरंत बाद कई एंबुलेंस एयरपोर्ट पहुंची और घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

फ्लाइट लंदन से सिंगापुर जा रही थी। सिंगापुर एयरलाइंस की बोइंग 777-300ER फ्लाइट ने भारतीय समयानुसार रात 2:45 बजे उड़ान भरी थी। टेकऑफ के 11 घंटे बाद फ्लाइट म्यांमार के एयरस्पेस में 37 हजार फीट की ऊंचाई पर थी। इसी ऊंचाई पर अचानक खराब मौसम के कारण विमान एयर टर्बुलेंस में फंस गया। विमान पांच मिनट के अंदर 37 हजार फीट की ऊंचाई से गिरकर 31 हजार फीट पर आ गया। इस दौरान यात्रियों को सीट बेल्ट पहनने की वॉर्निंग नहीं दी गई थी, जिसके कारण कई यात्री अपनी सीट से उछलकर लगेज कंटेनर से टकरा गए और घायल हो गए।








सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl